डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें - 9799559096 0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 17 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 26 मई से 01 जून 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## सीएम हाऊस कूच की चेतावनी पर प्रशासन दबाव में आया

**- संभागीय आयुक्त व पुलिस कमिश्नर सभा स्थल पहुंचे और सीएम हाउस कूच को रोका**
**- हजारों युवाओं की युवा आक्रोश रैली ने सांसद हनुमान बेनीवाल का प्रदेश में कद बढ़ाया**



जयपुर। एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख और सांसद हनुमान बेनीवाल ने रविवार को जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र में युवा आक्रोश रैली का आयोजन किया। रैली में लाखों की संख्या में विभिन्न जिलों से युवा आये। रैली स्थल पर महिलाओं के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई थी।

जोश से भरे युवाओं को संबोधित करते हुए बेनीवाल ने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य पुलिस सब- इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 में हुए कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाना हैं। बेनीवाल ने एसआई भर्ती परीक्षा(2021) को रद्द करने और राजस्थान लोक सेवा आयोग के पुनर्गठन की जोरदार मांग की।

उन्होंने कहा कि हम पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं। बेनीवाल ने आरोप लगाया कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही हैं।

**संभागीय आयुक्त और पुलिस कमिश्नर पहुंचे धरना स्थल पर वार्ता करने** – जब सांसद बेनीवाल ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने की चेतावनी दी तो सरकार और प्रशासन दबाव में दिखाई देने लगा। जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम और जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ रैली स्थल पर पहुंचे और मंच पर ही करीब 20 मिनट बेनीवाल से वार्ता की और सीएम हाउस की ओर कूच नहीं करने का आग्रह किया। इसके बाद जयपुर पुलिस कमिश्नर और संभागीय आयुक्त ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जो भी मांगें हैं, उनको सरकार के सामने रखेगें।

सरकार आपकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रही हैं। रैली में बेनीवाल ने भाजपा नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को भी युवाओं के साथ आने का न्यौता दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों इस मुददे पर मिली हुई हैं।

**हनुमान बेनावाल का कद बढ़ा** - जो लोग एवं राजनीतिक दल यह मानकर चल रहे थे कि खींवसर विधानसभा का उपचुनाव हारने के बाद हनुमान बेनीवाल कमजोर हो गए हैं, उनको 25 मई 2025 रविवार को जयपुर में आयोजित युवा आक्रोश रैली के बाद गलतफहमी निकल गई हैं। सांसद हनुमान बेनीवाल जाट समाज के मजबूत नेता है और समाज के युवा बेनीवाल के साथ मजबूती से जुड़े हैं। रैली स्थल से बेनीवाल गुर्जर समाज और मीणा समाज को और उनके नेता सचिन पायलट और डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को साथ आने की पहल भी कर दी। सांसद हनुमान बेनीवाल ने प्रदेश के नेताओं को यह भी संदेश दे दिया कि राजनीति ऑफिसों और मकानों में बैठकर नहीं की जाती हैं। जो जमीन की और जनता के मुद्दो की राजनीति करेगा वही सफल होगा। बेनीवाल के बढ़ते कद से भाजपा और काँग्रेस दोनों को नुकसान हो सकता हैं। वैसे भी बेनीवाल ने सबइंस्पेक्टर भर्ती 2021 में धांधली और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है साथ ही आरपीएससी का मुद्दा है जिसको प्रदेश के अधिकतर युवा पसंद करते हैं। मुद्दो की राजनीति के चलते सांसद हनुमान बेनीवाल सभी युवाओं की पसंद बनते जा रहे हैं। एसआई की भर्ती रदद नहीं करना भजनलाल सरकार की कमजोरी का संकेत हैं। जबकि एसआई भर्ती परीक्षा सरकार को पहले ही रद्द कर देनी चाहिए थी। एसआई भर्ती परीक्षा में नकल और भ्रष्टाचार के सैकड़ों सबूत हैं।

## सरकार विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल करने के लिए काम कर रही है- भजनलाल शर्मा

**- नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संबोधन**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को नई दिल्ली के भारतमंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से चर्चा की और प्रदेश में जल और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से अधिक सहयोग का भी अनुरोध किया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल करने के लिए हर पहलू पर तेजी से काम कर रही है। इसी दिशा में आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास और समावेशी प्रगति को केन्द्र में रखते हुए नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'विकसित राजस्थान@2047' विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने रामजल सेतु लिंक परियोजना तथा यमुना जल समझौते को मूर्त रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये जल परियोजनाएं विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर से देश को विश्व में मिला सम्मान-**
मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सशक्त एवं साहसी रूख दिखाकर देश को वैश्विक मंच पर जो सम्मान दिलाया है उसके लिए मैं उनका आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व से हमें गहरी प्रेरणा मिली है तथा राज्य स्तर पर हम राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सभी पहलों को पूरा समर्थन देने के लिए और भी अधिक दृढ़ संकल्पित हुए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि दो दिन पहले 22 मई को प्रधानमंत्री जी के सीमावर्ती बीकानेर जिले में संबोधन के समय जनसाधारण में जो अद्‌त उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति का जज्बा देखने को मिला वैसा भावुक दृश्य मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। ये जनता का प्रधानमंत्री के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है।

**राइजिंग राजस्थान समिट से मिली निवेश को नई उड़ान-**
शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रदेश में निवेश बहुत जरूरी है। इसके लिए हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का सफल आयोजन कर 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं तथा इन प्रस्तावों में से सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर प्रारम्भ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, एमएसएमई पॉलिसी 2024, निर्यात प्रोत्साहन नीति 2024, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, टेक्सटाइल एवं अपैरल पॉलिसी 2025, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2025, डाटा सेंटर पॉलिसी 2025 को तैयार करके राजस्थान में समावेशी विकास और रोजगार के अवसर सृजन करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आधारित इंडस्ट्रीयल पॉलिसी शीघ्र जारी की जाएगी। इस नीति के माध्यम से ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, ट्रेडिंग सेक्टर के विकास और संवर्धन के लिए राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 15 औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु 2000 करोड रुपए से अधिक के कार्य प्रारंभ किए गए हैं तथा 20 नए औद्योगिक क्षेत्र भूखंड आवंटन हेतु खोले गए हैं जिससे राज्य के औद्योगिक विकास एवं विकास दर को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकेगा।


शर्मा ने कहा कि राजस्थान अपनी ऐतिहासिक विरासत एवं स्थापत्य समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व विख्यात है। पर्यटन का राजस्थान की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए पर्यटन विकास को गति देने के लिए नवीन पर्यटन नीति शीघ्र जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने और रोजगार प्रदाता बनने हेतु प्रोत्साहन देने के लिए अटल इन्टरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समयबद्ध रूप से भर्ती परीक्षा आयोजित करवाकर 67 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां प्रदान की गई है तथा 1 लाख 87 हजार पदों हेतु प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है।

अक्षय ऊर्जा में राजस्थान सिरमौर- मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा क्षमता में 10000 मेगावाट की वृद्धि की गई है तथा राजस्थान सौर ऊर्जा एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य में पीएम कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ,नवीन राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति की बेहतर क्रियान्विति के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

**सर्कुलर इकोनॉमी बनेगी विकास की वाहक-**
मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी इंसेंटिव स्कीम 2025 लाई जा रही है जिसके अंतर्गत रिसाइक्लिंग, रीयूज के क्षेत्र में रिसर्च एवं डवलपमेंट के लिए 2 करोड रुपए का अनुदान दिया जाएगा। साथ ही, सर्कुलर इकोनॉमी के क्षेत्र में कार्यरत एमएसएमई, स्टार्टअप को विभिन्न योजनाओं में दिए जा रहे ऋण अनुदान में 0.5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 15 वर्ष से पुराने वाहनों का उपयोग निषिद्ध करने तथा नई टेक्नोलॉजी के प्रदूषण रहित वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए राजस्थान व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी लाई जा रही है।

## बिहार विधानसभा चुनाव ऑपरेशन सिंदूर और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों पर लड़ा जाएगा

**-विकास रोजगार एवं शिक्षा जैसे मुद्दों से जनता को भटकाने की पूरी कोशिश की जाएगी**




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत पाकिस्तान युद्ध का अब अंत हो चुका है । भारत-पाकिस्तान युद्ध में देश की सेना ने अपनी क्षमता साबित करके दिखा दिया कि उसके रहते भारत की सीमाओं को कोई बुरी नजर से देख भी नहीं सकता है । देश की सत्ताधारी पार्टी और विपक्षी पार्टियां पाकिस्तान के खिलाफ एक जुटता दिखाई दी । देश का हर वर्ग, समुदाय और जाति का व्यक्ति देश की सेना और देश के नेतृत्व के साथ दिखाई दिया । लेकिन जैसे-जैसे समय व्यतीत होता जा रहा है, सत्ताधारी नेता और विपक्षी नेता भारत-पाकिस्तान युद्ध को एक दूसरे के खिलाफ वोट जीत का श्रेय लेने की कोशिश में लगे हैं । भाजपा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर दूसरे नेता पाकिस्तान पर जीत बताकर देश की राजनीति की दिशा बदल रहे हैं । इसी तरह विपक्षी नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, संजय सिंह, ममता बनर्जी सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं की कमियां पता कर जनता के बीच जा रहे हैं। विपक्ष नेता भारत पाक युद्ध में सेना की भूमिका को महत्वपूर्ण बताकर तारीफ कर रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी पर जल्दबाजी में और अमेरिका के दबाव में युद्ध विराम करने का आरोप लगा रहे हैं। विपक्षी नेता जाति जनगणना को भी मुद्दा बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। नवंबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। पक्ष विपक्ष की राजनीति के चलते लगने लगा है कि बिहार विधान का चुनाव ऑपरेशन सिंदूर और जातिगत जनगणना को आधार बनाकर लड़ा जाएगा। बिहार में जीत किसकी होगी, यह अभी कहना जल्दबाजी होगी ।

**विकास एवं रोजगार के मुद्दों को बुलाने की कोशिश होगी**
विधानसभा चुनाव में इस बात की पूरी संभावना है कि पार्टियां विकास, रोजगार एवं शिक्षा के मुद्दों पर चुनाव नहीं लड़ेंगी ।बिहार प्रदेश को प्रदेश का सबसे पिछड़ा प्रदेश माना जाता है। बिहार में जातिवाद, धार्मिक मुद्दे मुख्य रूप से चुनाव में हावी रहेंगे। बिहार में शिक्षा दूसरे प्रदेशों की तुलना में काफी कम है, बेरोजगारी ज्यादा होने के कारण बिहार के ज्यादातर लोग मजदूरी करने दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। स्वतंत्रता के बाद राजनीति में उच्च जातियों का बिहार में वर्चस्व रहा था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पिछड़ों की राजनीति ने बिहार के राजनीति के समीकरण बदल दिए और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पिछड़ों की राजनीति करते हैं । दलित के कद्दावर नेता रामविलास पासवान ने दलितों को जागरूक करके दलित केंद्रित राजनीति की। बीजेपी बिहार में धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति करती है। धार्मिक मुद्दों को उभारकर बीजेपी बिहार में तेजी से उभर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में यहां विकास, रोजगार एवं शिक्षा कोई मुद्दा नहीं रहने वाला है, क्योंकि देश की जनता अपनी वास्तविक समस्याओं को भूलकर चुनाव के वक्त भावनात्मक मुद्दों के आधार पर पार्टियों और उम्मीदवारों को वोट देकर जिताती है। यही कारण है कि नेता चुनाव बाद जनता को भूल जाते हैं और उसकी समस्या के समाधान की कोशिश नहीं करते हैं।




## शकीना पठान ने 12वीं में 94.20% लाकर किया पूरे जिले का नाम रोशन



भीलवाड़ा,(रॉयल पत्रिका)। शहर के गुलमंडी स्थित सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल की छात्रा शकीना पठान ने 12वीं कक्षा (आर्ट्स) में 94.20% अंक प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल का, बल्कि पूरे शहर और परिवार का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। शकीना बानु, आबिदा बानो की बेटी हैं। वह अपने नाना-नानी के पास गुल अली नगरी, पारीक छात्रावास के पास में रहकर पढ़ाई कर रही थीं। शकीना, साबिर पठान की नवासी और शाहिद खान की भांजी हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से नाना और मामा का सपना साकार कर दिखाया। बचपन से ही शकीना शिक्षा को अपना हथियार मानकर आगे बढ़ती रही हैं। कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानते हुए उन्होंने नाना-नानी के आशीर्वाद और मामा के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर परिवार और मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई। मोहल्ले वालों ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इज़हार किया। यह सफलता न सिर्फ शकीना की है, बल्कि उनके पूरे परिवार की मेहनत, समर्पण और आशीर्वाद का परिणाम है। शकीना का सपना है कि वे आगे चलकर एक प्रतिष्ठित पद पर कार्य कर अपने नाना-नानी और मामा का नाम पूरे राजस्थान में रोशन करें।

## गोमांस ले जाने के शक में अलीगढ़ में मॉब लिंचिंग, गाड़ी को आग के हवाले किया

**- अलीगढ़ पुलिस ने अज्ञात लोगों पर दर्ज किया केस**



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां भीड़ ने मवेशियों का मांस ले जा रहे चार लोगों पर बेरहमी से हमला किया और उनके वाहन को आग के हवाले कर दिया। पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने 25 हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और मांस के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे हैं। पुलिस के अनुसार मवेशियों के मांस को ले जाने के संदेह में शनिवार को भीड़ द्वारा चार लोगों की पीट-पीटकर हत्या का प्रयास किया गया और उनके वाहन में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक आक्रोशित भीड़ ने वाहन को जबरन रुकवाया और उसमें सवार चार लोगों की पिटाई की। पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर चारों लोगों को भीड़ से बचाया और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने रविवार को घटना के वीडियो से ली गई तस्वीरें (स्क्रीनशॉट) जारी किए और स्थानीय लोगों से हमलावरों की पहचान करने में मदद करने का आग्रह किया।

**मारपीट की घटना में ये लोग हुए घायल**
पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सर्जना सिंह ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हमलावरों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। घायल हुए चार लोगों की पहचान अकील (35), नदीम (32), अकील (43) और अरबाज (38) के रूप में की गई है **शेष पृष्ठ 2 पर...**

## फर्जी दस्तावेजों के मामले में चूरू विधायक हरलाल सहारण के खिलाफ आरोप तय



**मोहम्मद अली पठान**
चूरू/सरदारशहर, (रॉयल पत्रिका)। एसीजेएम कोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों के मामले में चूरू विधायक हरलाल सहारण के खिलाफ आरोप तय कर विचारण प्रक्रिया शुरू की है। हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2019 में चुनाव नामांकन के दौरान 10वीं कक्षा का फर्जी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर चुनाव लड़ने - के मामले में सहारण के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को लेकर दायर स्थगन याचिका व सभी लंबित याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं।हाईकोर्ट ने 11 सितंबर 2023 को दिए अपने आदेश में निचली अदालत के उस निर्णय को बरकरार रखा है, जिसमें सहारण के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 193 व 120बी में चुनाव में फर्जी दस्तावेज का 2019 में दर्ज हुआ था मामला हरलाल सहारण के खिलाफ 25 जनवरी 2019 को चिमनाराम ने जरिये इस्तगासे नामांकन के दौरान फर्जी दस्तावेज पेश कर चुनाव लड़ने का मामला दर्ज करवाया था। आरोप लगाया कि जनवरी 2015 के चूरू जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र 16 से जिला परिषद सदस्य के निर्वाचन हेतु पेश नोमिनेशन **शेष पृष्ठ 2 पर..**

## पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल गिरफ्तार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने भारत-पाकिस्तान के कच्छ बोर्डर से एक जासूस को गिरफ्तार किया हैं। जिसका नाम सहदेव सिंह गोहिल हैं। आरोप है कि वह बीएसएफ और भारतीय वायुसेना की पाकिस्तान खुफिया एजेंसी को जानकारी भेज रहा था। उससे अहमदाबाद में पूछताछ की जा रही हैं। पूछताछ से बड़े खुलासे होने की संभावना हैं। इससे पहले भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने हिसार हरियाणा से ज्योति मल्होत्रा, पानीपत हरियाणा से नोमान इलाही, कैथल हरियाणा से देवेंन्द्र सिंह, अमृतसर पंजाब से पलक शेर मसीह और सूरज मसीह एवं जैसलमेर राजस्थान से पठान खान को गिरफ्तार कर चुकी हैं। ये सभी पाकिस्तानी एजेंसियों के लिए जासूसी में संलिप्त पाए गए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर में 300 बेड के हॉस्पिटल की सौगात दी

सादिक हिंदुस्तानी

सांगानेर/जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। बहुत पुरानी एक कहावत है "पहला सुख निरोगी काया" यदि मानव जाति का स्वास्थ्य ठीक है तो समझो उसका पूरा जीवन सार्थक है। वरना इस जीवित शरीर में बहुत-सी बीमारियां घर कर जाती हैं और जीवन बहुत ही कष्टदायक हो जाता है। स्वास्थ्य कैसे ठीक रहे इसके लिए सरकार के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जाते हैं। सांगानेर की जनता दशकों से एक सपना देखती चली आ रही थी कि सांगानेर में एक सरकारी उच्च स्तरीय अस्पताल हो, जो सर्व सुविधा संपन्न हो जिसमें सांगानेर क्षेत्र की जनता का फ्री कॉस्ट इलाज हो। तो यह सपना हकीकत में साकार होने जा रहा है।

**अथक प्रयास और दूरदर्शिता से हुए कामयाब**

सांगानेर में 300 बेड का हॉस्पिटल जो निर्माण होने जा रहा है उसका सही मायने में क्रेडिट भजनलाल शर्मा को जाता है। जोकि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं और राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री हैं। यह उनकी अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए बहुत बड़ी सौगात है। सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा यह मामला उन्होंने अपने अथक प्रयास और दूरदर्शिता से शीघ्र ही हल करवाने में सफलता हांसिल की।

**दशकों पुराना सपना अब पूरा होने जा रहा है**

सांगानेर की जनता जनार्दन की मांग अब पूरी होने जा रही है। एक बहुत बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सांगानेर की संस्थाएं, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं मीडिया काफी दिनों से मुद्दा उठाते आ रहे थे कि सांगानेर की खुली जेल में हजारों वर्ग फीट पड़ी जमीन अनुपयोगी है। वहां पर सांगानेर का जिला अस्पताल बनना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सांगानेर की जनता का सपना अब होगा अपना।

**यह पेचीदा मामला काफी दिनों से पेंडिंग था**

यह मामला काफी पुराना है। धीरे-धीरे पेचीदा होता जा रहा था। सन 2015 में तत्कालीन सरकार ने सांगानेर सामुदायिक चिकित्सालय को पीपीपी मॉडल पर देने के आदेश दिए थे। जिसके खिलाफ स्थानीय नागरिकों ने, सांगानेर नागरिक विकास मंच, बुद्धजीवी, समाजसेवी,जनसंगठनों ने इसका प्रतिरोध कर संघर्ष किया और विधानसभा पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसके फलस्वरुप सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा।

**सुप्रीम कोर्ट कैसे पहुंचा मामला**

इससे पूर्व राज्य सरकार ने सांगानेर के बंबाला में अस्पताल के लिए भूमि आवंटित कराई थी। इसका सांगानेर की जनता ने विरोध किया एवं खुली जेल के लिए सुझाव दिया और सरकार ने खुली जेल में भूमि आवंटित भी कर दी। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में प्रसून गोस्वामी ने एक याचिका दायर की, उसे मंजूर कर ली गई



एवं राज्य सरकार के मुख्य सचिव पर अवमानना का केस दायर कर दिया गया।

**यह था मामला**

दरअसल अवमानना याचिका में कहा था कि खंडपीठ ने 17 मई 2024 के आदेश से राज्य सरकार को ओपन जेल की जमीन को कम नहीं करने और 6 दशक से ओपन जेल के लिए काम आने वाली जमीन को संरक्षित करने के लिए कहा था। लेकिन जेडीए ने 30 जुलाई 2024 को ओपन जेल की इस जमीन पर सेटेलाइट हॉस्पिटल का आवंटन मंजूर कर लिया। राज्य सरकार व जेडीए का यह करना सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना माना गया।

**क्या आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

सुप्रीम कोर्ट ने 25 नवंबर 2024 को रजिस्टार को जमीन का निरीक्षण करने एवं जेल शिफ्टिंग की संभावना जांचने का आदेश दिया था। इस मामले में रजिस्टार ने 6 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश थी। इसमें कहा गया है कि मौजूदा जेल को शिफ्ट करना संभव है। रजिस्टार ने सुझाव दिया कि 17800 वर्ग मीटर और अतिरिक्त 14940 वर्ग मीटर जमीन का उपयोग नई जेल बनाने के लिए किया जाये। बाकी 22232 वर्ग मीटर जमीन पर सेटेलाइट हॉस्पिटल का निर्माण किया जाए।

**किन-किन ने की सुनवाई**

इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बी.आर गवई एवं जस्टिस ऑगस्टिन मासिह की बेंच ने की। राज सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने पक्ष रखा। जबकि याचिकाकर्ता प्रसून गोस्वामी की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और न्याय मित्र के तौर पर के परमेश्वरन मौजूद रहे।

**कोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश जनता की क्या रही प्रतिक्रिया**

राज्य सरकार ने कोर्ट में हल्फनामा दायर कर रजिस्ट्रार की सभी सिफारिशों का पालन करने की बात कही है। जेल परिसर एवं सैटेलाइट हॉस्पिटल्स का निर्माण चरणबद्ध तरीके से निर्माण किया जाएगा। सांगानेर की जनता 300 बेड के अस्पताल की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत बंधन एवं अभिनंदन करती है और आशा करती है कि आगामी वर्षों में सांगानेर का चौमुखी विकास निश्चित है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिखावा नहीं हकीकत पसंद करते हैं। उनके कार्यकाल में विकास के नाम पर सांगानेर प्रथम स्थान पर रहेगा। अभी तो यह शुरुआत है। धैर्य रखिए बहुत कुछ बदलने वाला है।

## फार्मासिस्टों को हटाने से फैली सांगानेर सैटेलाइट हॉस्पिटल में अव्यवस्था

जयपुर/सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के लिए कई वर्षों से सेवा देते आ रहे फार्मासिस्टों को तुरंत प्रभाव से बेदखल कर घर बिठा दिया गया। इस कारण सैटेलाइट अस्पताल,सांगानेर में दवा वितरण में अफरा तफरी मच गई। ऊपर से चार घंटे तक लाइट का जाना और सिर्फ दो फार्मासिस्टों से दवाई वितरण करवाना मरीजों के लिए बहुत बड़ी मुसीबत बन रही थी। ऐसी भीषण गर्मी में मरीजों का लाइन में लगना डॉक्टर का अंधेरे में मरीज को देखना बड़ी टेढ़ी खीर हो गई थी। लेकिन इंचार्ज डॉ अनुराग जैन व्यवस्था बनाने में पूरी कोशिश




में लगे रहे। दो फार्मासिस्टों को पुनः काम पर बुला लिया गया है। जिससे दवाई वितरण में आसानी हुई और अफरा तफरी का माहौल समाप्त हो गया। जिसमें सांगानेर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा का विशेष योगदान रहा। एक बात स्पष्ट है कि फार्मासिस्टों एवं नर्सिंग कर्मियों में रोष उत्पन्न दिखाई दे रहा था। सरकार को विशेस ध्यान देकर समस्या का शीघ्र हल करना चाहिए।

## दिनदहाड़े घर में घुसकर युवक ने गला रेतकर युवती को उतारा मौत के घाट

शादाब अली

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। शहर के कोली मोहल्ले में शुक्रवार दिनदहाड़े युवक ने घर में घुसकर युवती की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी खुद कोतवाली थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस उपाधीक्षक उदयसिंह मीणा ने बताया कि कोली मोहल्ले में युवती की हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। उन्होंने बताया कि करीब एक साल पहले मृतका शहनाज की इकबाल से सगाई हुई थी। दो माह पूर्व शहनाज के परिजनों ने रिश्ता तोड़ दिया। इससे इकबाल डिप्रेशन में था। इसके चलते उसने शहनाज का गला रेत दिया। पुलिस पूछताछ में इकबाल ने जुर्म कबूल कर लिया। उसने कहा कि सगाई टूटने के बाद वह शहनाज को घर से भगा ले जाना चाहता था, लेकिन वह तैयार नहीं हुई तो गुस्से में मार दिया। मृतका के परिवार के अनुसार, घटना के समय शहनाज घर में अकेली थी। कहा जा रहा है कि आरोपी सगाई तोड़ने के बाद परिवार को लगातार धमका रहा था। कहा जा रहा है कि आरोपी ने घटना के बाद मृतका के बहन को खून से सना चाकू दिखाकर हत्या की जानकारी दी। हत्या के बाद आरोपी ने कोतवाली थाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे डिटेन कर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में इकबाल ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वो शहनाज़ से बेइंतहा मोहब्बत करता था और उसके बिना नहीं रह सकता था, सगाई टूटने के बाद इकबाल शहनाज को घर से भगाकर भी ले जाना चाहता था। लेकिन इसके किये शहनाज़ तैयार नही हुई। ऐसे में इकबाल ने मौका पाकर शहनाज को मौत के घाट उतार दिया। अपनी सनक के कारण सिरफिरे इकबाल द्वारा शहनाज़ की गला रेतकर हत्या करने की घटना से हर कोई स्तब्ध रह गया। मृतका शहनाज़ के भाई एवं बहन का कहना है कि शुक्रवार को उनके घर पर कोई भी नही था। परिजन किसी काम से टोंक गये हुए थे और उसकी माँ हॉस्पिटल में एडमिट थी। वहीं बड़ी बहिन नमाज़ पढ़ने गई हुई थी। जिसका फायदा उठाकर इकबाल घर मे घुस गया और शहनाज़ की गला रेतकर हत्या कर दी, मृतका की बहन ने बताया कि आरोपी इकबाल सगाई तोड़ने के बाद परिजनों को लगातार धमका रहा था और कह रहा था कि शहनाज़ मेरी नही हुई तो मैं उसे किसी ओर की भी नहीं होने दूंगा और उसकी हत्या कर दूंगा। मृतका की बहिन जेबा का कहना है कि आरोपी इकबाल शहनाज़ की हत्या करने के बाद उसके पास आया और चाकू दिखाते हुए कहा कि उसने उसकी बहन को मार



दिया है। जिसके बाद वो घर पहुंची तो शहनाज लहूलुहान हालत में बिस्तर पर पड़ी हुई थी। उसके गले से खून बह रहा था और पूरा बिस्तर ओर बेड खून से लथपथ था। वही सगाई तोड़ने को लेकर मृतका के भाई का कहना है कि आरोपी इकबाल की हरकतें ठीक नहीं थी। जिसके चलते उसके परिजनों द्वारा सगाई तोड़ दी गई थी। वही घटना के बाद आरोपी इकबाल को कोतवाली थाना पुलिस ने डिटेन कर लिया और पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

बड़ी बात यह है कि हत्या के बाद आरोपी के चहरे पर जरा भी शिकन नही है और वो पुलिस के हर सवाल का जबाब बेखौफ तरीके से दे रहा है। फिलहाल मृतका के परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज करने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## बलाई विकास समिति द्वारा "एजुकेशन मोटिवेशनल सेमिनार" एवं "नशा मुक्ति अभियान" कार्यक्रम सम्पन्न

चौमूं,(रॉयल पत्रिका)। बलाई विकास समिति, जयपुर के तत्वावधान में "एजुकेशन मोटिवेशनल सेमिनार" एवं "नशा मुक्ति अभियान" कार्यक्रम नांगल-भरड़ा, वीर हनुमान जी मार्ग, बाबा रामदेव मंदिर, राम तलाई में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग जयपुर के निदेशक ओपी बुनकर ने कहा कि मन लगाकर ईमानदारी से मेहनत करके परीक्षा दे तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी। अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार ने कहा कि शिक्षा रूपी ज्ञान को अर्जित कर उच्च पदों पर जाकर समाज एवं क्षेत्र का विकास करे एवं नशा मुक्ति की अपिल की। मुख्य वक्ता जयपुर साइबर क्राइम के उपाधीक्षक सोनचंद लाड़ना ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया तथा जिस घर में नशे की लत लग जाती है वह घर विनाश की ओर चला जाता है। साथ ही समिति को पांच हजार रूपये का आर्थिक सहयोग किया एवं भूमि खरीद हेतु एक लाख रूपये की घोषणा की। मुख्य वक्ता राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं के प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार वर्मा ने बच्चों को जनरल नॉलेज के प्रश्न पूछ कर बच्चों को मोटिवेट किया तथा सही उत्तर देने वाले को समिति द्वारा संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया।समिति के संरक्षक केआर बुनकर ने वॉच का एक-एक शब्द का विस्तार से विवरण करके बताया तथा समाज बंधुओ को बीडी, सिगरेट, तंबाकू, अफीम, गुटखा, शराब आदि का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित किया। सेमीनार के आकर्षक चौमूं नारंग हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजीव नारंग ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नशा छोडने गुर बताएं।एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड ने युवा शक्ति को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्ति की अपील की।विशिष्ट अतिथि समिति के संरक्षक रामकिशोर राय, प्राचार्य डॉ. कैलाशचंद्र मोरदिया, सरपंच मनीष सामरिया, प्रोफेसर डॉ. चिरंजीलाल परिहार, एलआईसी डीओं सुरेश कुमार महरिया, चंद्रकला नागोरी, रामनारायण नारनोलिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इससे पूर्व सभी अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजक नरेश कुमार रोजड़ा एवं समस्त टीम द्वारा 21 प्रतिभाओं, 3 सेवानिवृत्त कर्मचारियों, 15 सरकारी कर्मचारियों एवं 2 राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया। जिनमें आंल इण्डिया क्रिकेट टीम मे चयनित मुंख बधिर पति-पत्नि को भी सम्मानित किया। समिति द्वारा नशा मुक्ति अभियान मे सहयोग करते हुए 15 व्यक्तियों ने नशा नही करने का स्वैच्छिक




घोषणा पत्र दिया।गोल्ड मेडलिस्ट व रविन्द्र रंगमंच कलाकार सुनिल सोंगण ने सुकून नाटक का 27वां मंचन करके लोगों को जागरूक किया। आयोजक अंबेडकर विचार मंच के पदाधिकारी एवं नरेश कुमार रोजडा, रवि रोजडा, जितेन्द्र रोजडा, रमाकांत कटारिया, सागरमल रोजडा, नवीन सोगण, राजेश रोजडा आदि समाजबंधुओं ने अतिथियों का पंचशील दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में यह बढ़ता तृतीय कदम है।

## वक़्फ़ संशोधन के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, सभी धर्मों के लोगों ने एकजुटता दिखाई



भरतपुर, (रॉयल पत्रिका)। वक़्फ़ बचाओ संघर्ष समिति, भरतपुर की ओर से वक़्फ़ अधिनियम 1995 में हाल ही में किए गए संशोधनों के विरोध में एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलक्टर भरतपुर, धनश्याम शर्मा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष हाजी असलम खान गौरी ने किया। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए वक़्फ़ कानून को तानाशाही और अल्पसंख्यकों के हक़ों के खिलाफ बताया गया और इसे तुरंत निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में मुस्लिम समाज के प्रमुख धार्मिक और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल थे। इनमें शाही इमाम जागा मस्जिद भरतपुर के मुफ्ती आबिद, ईदगाह मस्जिद के इमाम मौहम्मद, जमाअते इस्लामी हिंद भरतपुर के जिलाध्यक्ष मास्टर कमालुद्दीन, एडवोकेट महबूब खान (अध्यक्ष जामा मस्जिद वक़्फ़ कमेटी), शहर कांग्रेस कमेटी महामंत्री सईद खान, कलुआ खान, भारत मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि हंसलाल और रामदयाल, इमरोज खान, भूपेन्द्र, तहसीन पेंटर, इशाक खान सहित विभिन्न समुदायों के लोग शामिल रहे। इस मौक़े पर वक्ताओं ने कहा कि नया वक़्फ़ कानून वक़्फ़ संपत्तियों के संरक्षण के बजाय उन्हें विवादों में झोंकने और समुदाय की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने की दिशा में एक कदम है। हाजी असलम खान गौरी ने कहा कि यह क़ानून वक़्फ़ संपत्तियों पर कब्ज़े को कानूनी जामा पहनाने की साज़िश है। हम इसे किसी सूरत में मंज़ूर नहीं करेंगे और लोकतांत्रिक तरीके से देशभर में विरोध दर्ज कराते रहेंगे।इमरोज, सचिव, वक़्फ़ बचाओ संघर्ष समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे को लेकर राज्यभर में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा और ज़रूरत पड़ी तो आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।ज्ञापन में राष्ट्रपति से अपील की गई है कि वे इस संवेदनशील विषय पर हस्तक्षेप कर वक़्फ़ अधिनियम में किए गए जनविरोधी संशोधनों को निरस्त करें और अल्पसंख्यक समुदाय के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करें।

## नारी शक्ति ने निकाली ऑपरेशन सिंदूर यात्रा, सैकड़ों महिलाएं पहुंची यात्रा में

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर द्वारा जिला मुख्यालय पर सिंदूर यात्रा की संयोजक मीरा सैनी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर यात्रा निकाली गई। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर यात्रा में जिले के सभी सामाजिक संगठन की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सिंदूर यात्रा बजरिया स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई और अम्बेडकर सर्किल पहुंचकर राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुई। सिंदूर यात्रा में महिलाओं ने गर्मजोशी के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद, हिंद की सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर यात्रा में संयोजक मीरा सैनी, महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष मथुरिया, लीला गोयल, सुधा जैन, ललित गर्ग, राधा पारीक, सरोज मिश्रा, मेहनाज पटेल, गीता जालिया, रेशमा मीणा, गायत्री जांगिड़, मीरा मीणा, सुमन कंवर, प्रीति पाराशर, कनक लता गौतम, मधु भार्गव, लक्ष्मी शर्मा, अर्चना शर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भारत लाल मथुरिया, सुरेश जैन, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग,




जिला उपाध्यक्ष बालवीर सिंह, जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर परिषद सभापति कमलेश जैनिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, ओम सुवालका, ओमप्रकाश शर्मा,रामपाल सैनी,आदि उपस्थित रहे।

पृष्ठ 1 का शेष...

## गोमांस ले जाने के शक में...

जिनका जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, भर्ती कराए गए पीड़ितों में से दो के सिर में अंदरुनी चोटें हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे विपक्षी दलों के कई नेताओं ने शनिवार की घटना की निंदा की है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पूरी घटना की निष्पक्ष जांच तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**घायल के परिवार ने दर्ज कराया केस**

इस बीच, हरदुआगंज थाने में एक घायल के परिवार के सदस्य ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी में मुख्य रूप से दक्षिणपंथी संगठनों से जुड़े बारह लोगों के अलावा 25 अज्ञातों का जिक्र किया गया है। पुलिस ने शनिवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत चार घायलों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अमृत जैन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि हरदुआगंज थाने के पनेट्टी गांव के पास शनिवार को वाहन से जब्त मांस के नमूने को मथुरा स्थित राज्य प्रयोगशाला में भेजा गया है ताकि पता चल सके कि यह प्रतिबंधित पशु का मांस है या नहीं।

**पुलिस के सामने भी पीट रहे थे आरोपी**

हरदुआगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह टाटा मैक्स गाड़ी से 4 युवक अरबाज, अकील, कदीम और दिलावर गोश्त लेकर अतरौली बाजार की ओर जा रहे थे। रास्ते में हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने गो-मांस का संदेह होने पर उन्हें रोक लिया। आरोप है कि लोगों ने चारों के साथ बिना बातचीत किए मारपीट शुरू कर दी। गुस्साई भीड़ ने मैक्स गाड़ी पलट दी थी और उसमें आग लगा दी थी। इसके साथ ही गोश्त लेकर जा रहे चारों युवकों के कपड़े फाड़कर उनकी बेरहमी से पिटाई की थी। चारों को लहूलूहान कर दिया था। पुलिस के सामने भी आरोपी उन्हें पीटते रहे थे और अधमरा कर दिया था। पहुंची पुलिस ने उन्हें बचाया था और अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनका इलाज जारी है।

**हरदुआगंज से आरोपियों को किया गिरफ्तार**

पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह भोलू, राम कुमार आर्या, चेतन लोधी, शिवम हिंदू, रविंद्र उर्फ बंटी, लवकुश, अनुज, भूरा, विजय, ग्रिरीश कुमार, अंकित महमूदपुर, राना अहलादपुर, विजय कुमार गुप्ता और 20-25 अज्ञात को नामजद किया है। वहीं पुलिस ने विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व। ओमप्रकाश गुप्ता निवासी गांव कलाई, विजय बजरंगी पुत्र अमर सिंह निवासी गांव कलाई और लवकुश पुत्र मुकेश शर्मा निवासी गांव निधौला को बरौठा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। यह सभी हरदुआगंज थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं।सीओ सर्जना सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अन्य नामजदों की तलाश जारी है। इसके साथ ही मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है। जल्दी ही अन्य आरोपी भी पुलिस की हिरासत में होंगे और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पृष्ठ 1 का शेष...

## फर्जी दस्तावेजों के मामले में...

फार्म में 10 वीं पास का प्रमाण पत्र लगाया है, जिसमें उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद से 2010 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण लिखा है जो फर्जी व कूटरचित है।प्रसंज्ञान लिया गया था। अब इसमें एसीजेएम कोर्ट, सरदारशहर ने आरोप तय कर विचारण प्रक्रिया को शुरू किया और आगामी पेशी 30 जून को गवाहों को तलब किया है। एसीजेएम कोर्ट, सरदारशहर ने प्रथम दृष्ट्या यह माना कि आरोपी द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया गया और सदोष लाभ प्राप्त किया गया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अपराध न केवल किसी एक व्यक्ति के खिलाफ, बल्कि पूरे समाज व लोकतांत्रिक प्रणाली के खिलाफ है। इस आदेश के बाद अब ट्रायल कोर्ट में मुकदमा आगे बढ़ेगा। आगे क्या इस मामले में चूरू विधायक सहारण अब एसीजेएम कोर्ट, सरदारशहर द्वारा तय किए गए आरोप के खिलाफ एडीजे कोर्ट,सरदारशहर में चुनौती दे सकते हैं। एडीजे कोर्ट, सरदारशहर में ये अपील खारिज होने पर हाईकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं।

### इल्ज़ाम बहुत हैं

इस दुनिया में काम बहुत हैं
रंग - बिरंगे जाम बहुत हैं
एक अकेला में ही नहीं
मेरे जैसे नाम बहुत हैं
देख ज़रा तो इतराने दे
आगे असली काम बहुत हैं
रोता क्यूं है प्यार में बुद्
इसमें तो नाकाम बहुत हैं
सूख चुका है आंख का पानी
बे -ग़ैरत हुक्काम बहुत हैं
चोकन्ना होशियार है रहना
लगने को इल्ज़ाम बहुत हैं
हुस्न मुहब्बत और जफ़ाएं
जीवन में हर गाम बहुत हैं

**तख़लीक़ - फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव (सेवा निवृत्त)**


### सार्वजनिक सूचना

मौहम्मद जियाउर्रहीम वल्द मरहूम मौलाना मौहम्मद अब्दुर रहीम, नदीम रहीम वल्द मरहूम मौलाना मौहम्मद अब्दुर रहीम वा कुछ अन्य व्यक्तियों द्वारा स्वयं को अधिकृत बताते हुए, जामिया हिदायत ट्रस्ट (वक्फ) की कुछ संपत्तियों के वेचान / लीज पर देने के अवैध इकरारनामे निष्पादित किये गये हैं। जिसके बाबत थाना जयसिंहपुरा खोर, जयपुर में एफ. आई. आर. दर्ज करा दी गई है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौहम्मद जियाउर्रहीम और नदीम रहीम वल्द मरहूम मौलाना मौहम्मद अब्दुर रहीम जामिया हिदायत ट्रस्ट (वक्फ) के किसी भी पद पर कार्यरत नहीं है, उन्हें जामिया हिदायत ट्रस्ट (वक्फ) की किसी भी संपत्ति के वेचान का अधिकार नहीं है। जामिया हिदायत ट्रस्ट की संपत्तियाँ वक्फ बोर्ड में धारा 26/37 वक्फ ऐक्ट में दर्ज संपत्तियाँ है जिनका वेचान गैर कानूनी व प्रारंभतः शून्य है। राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा S. B. Civil Misc Application No. 89/2023 आदेश दिनांक 01.06.2023 द्वारा जामिया हिदायत ट्रस्ट की वक्फ संपत्तियों पर यथा स्थिति बनाये रखने के आदेश पारित किये हैं, जो वर्तमान में प्रभावी है। कोई भी व्यक्ति जामिया हिदायत ट्रस्ट की वक्फ संपत्ति के बाबत कोई भी संव्यवहार मौहम्मद जियाउर्रहीम, नदीम रहीम या किसी भी अन्य व्यक्ति के साथ करेगा वह स्वयं इसका जिम्मेदार होगा।

**(मोहम्मद फजलुर्रहीम)**
**चेयरमेन, जामिया हिदायत ट्रस्ट (वक्फ)**



### सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# खोह नागोरियान में पानी को लेकर हंगामा

***-सैंकड़ों लोग सड़क पर उतरे, 15 दिन में समाधान का दिया गया आश्वासन***





जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। खोह नागोरियान के वार्ड नंबर 114 में पानी की किल्लत से परेशान लोगों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। रविवार सुबह 9 बजे पंप हाउस के सामने स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद जाकिर के नेतृत्व में क्षेत्र की 35 से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इलाके में कई दिनों से पानी की सप्लाई ठप है, जिससे लोगों को पीने के साफ पानी तक के लिए तरसना पड़ रहा है। धरने के दौरान शुरुआत में जलदाय विभाग के कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, लेकिन जब प्रदर्शन तेज होने लगा और लोग रोड जाम करने की तैयारी में थे, तो पुलिस और जलदाय विभाग हरकत में आया। थाना खोह नागोरियान के एसएचओ ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। इसके बाद एक्सईएन और एईएन भी धरना स्थल पर पहुंचे और काफ़ी बातचीत के बाद 15 दिन में समस्या हल करने का भरोसा दिलाया गया, तब जाकर धरना ख़त्म हुआ। हाजी जाकिर ने बताया कि विभाग से पांच अहम बातों पर सहमति बनी है पहली बात ये कि जिन कॉलोनियों में अब तक पाइपलाइन नहीं डाली गई है, वहां जल्द से जल्द लाइन डाली जाए ताकि लोग पानी के लिए तरसें नहीं। दूसरी ये कि जिन इलाकों में पाइपलाइन पहले से डल चुकी है, वहां ठीक तरीके से पानी की सप्लाई हो, ताकि लोगों को रोज़ पर्याप्त और नियमित पानी मिल सके। तीसरी बड़ी दिक्कत ये है कि कुछ जगहों पर आबादी ज्यादा है लेकिन वहां छोटी पाइपलाइन डाल दी गई है, जैसे जहां 6 इंच की लाइन होनी चाहिए थी वहां सिर्फ 4 इंच की डाली गई है, ऐसे में वहां पानी पहुंच ही नहीं पाता, तो अब इन्हें बड़ी लाइन से बदला जाएगा। अधिकारियों ने भरोसा दिया कि हर दिन 2-3 कॉलोनियों की समस्या का समाधान किया जाएगा, चाहे वो पॉइंट बदलना हो या नोज़ल बदलना। हाजी जाकिर ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन में काम नहीं हुआ, तो 16वें दिन फिर से धरना देंगे और इस बार आंदोलन अनशन तक भी जाएगा। हमारा मकसद है कि हर घर तक पानी पहुंचे। फिलहाल लोगों को उम्मीद तो है, लेकिन प्रशासन पर भरोसा नहीं। अब देखना ये है कि जलदाय विभाग वादे पर कितना खरा उतरता है।

# सूफ़ी संत हज़रत मौलाना ज़ियाउद्दीन र. अ. के उर्स के मौके पर मांगी अमन और सलामती की दुआ



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। चार दरवाज़ा स्थित सूफ़ी संत हज़रत मौलाना ज़ियाउद्दीन चिश्ती निज़ामी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर शनिवार को 216वें सालाना उर्स मुबारक का रूहानी माहौल में समापन हुआ। इस मुबारक मौके पर बड़ी तादाद में जायरीन और अक़ीदतमंद दरगाह पहुंचे और मज़ार शरीफ़ पर हाज़िरी देकर फूलों और अक़ीदतनामे पेश किए। इस मौके पर वार्ड 83 से पार्षद प्रत्याशी और कांग्रेस कार्यकर्ता शाहनवाज़ लाला ने भी अपने साथियों के साथ मजार पर अकीदत का नजराना पेश किया और मुल्क में अमन-ओ-सलामती के लिए दुआ की। इसी दौरान हज़रत मौलाना ज़ियाउद्दीन की दरगाह के मुतवल्ली मोइन मियां ने इज्तेमाई दुआ करवाई जिसमें मुल्क में भाईचारे, इत्तेहाद और अमन-ओ-अमान के लिए ख़ास तौर पर दुआएं की गईं। इस मौके पर शाहनवाज़ लाला ने कहा कि हज़रत मौलाना ज़ियाउद्दीन रहमतुल्लाह अलैह जैसी शख्सियतें इंसानियत का पैग़ाम देती हैं। इनकी तालीमात आज के दौर में और भी अहमियत रखती हैं। दरगाहों पर आकर इंसानियत की असल रूह महसूस होती है।उनके साथ निज़ामुद्दीन गुड्डु, आबिद मास्टर, ज़ाकिर ख़ान, सोहेल ख़ान, इमरान गार्नेट, राशिद बशीर और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे जिन्होंने मिलकर मुल्क और समाज की भलाई के लिए दुआ की।

# ग़ाज़ी अब्बास आब्दी ने ऑस्ट्रेलिया से मास्टर्स की डिग्री ली



जयपुर।नौगावाँ सादात (ज़िला अमरोहा, उत्तर प्रदेश) के रहने वाले और अब बरसों से जयपुर में बसे ग़ाज़ी अब्बास आब्दी ने राजीव गांधी एजुकेशनल स्कॉलरशिप हासिल कर ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी से मास्टर्स इन डेटा साइंस की डिग्री हासिल की। ग़ाज़ी अब्बास की इस कामयाबी के पीछे उनके जुनून, सच्ची लगन और माँ-बाप की दुआओं का बड़ा हाथ है। सीनियर जर्नलिस्ट शोएब ख़ान की सलाह से उन्होंने इस राह की शुरुआत की और तमाम आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपना सफ़र जारी रखा। 26 मई, 2025 को जब ग़ाज़ी अब्बास ने अपनी डिग्री हासिल की, तो उन्होंने इस खास लम्हे को यादगार बनाने के लिए अपने माँ-बाप को ऑस्ट्रेलिया बुलाया। यह एक ऐसा भावुक दृश्य था जो सिर्फ एक बेटे की नहीं, बल्कि हर उस औलाद की कहानी कहता है जो अपने माँ-बाप के ख्वाबों को अपनी मंज़िल बनाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और आर्ट कंज़र्वेटर मैमूना नरगिस, जो ग़ाज़ी अब्बास की करीबी रिश्तेदार हैं, कहती हैं कि ग़ाज़ी जैसे बच्चे समाज के लिए रौशनी की मिसाल हैं। उन्होंने साबित कर दिया कि मिडिल क्लास या किराये का घर कामयाबी में रुकावट नहीं बनते, अगर बच्चे के अंदर सच्चा जुनून और माँ-बाप का साथ हो।" ग़ाज़ी अब्बास आज उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा हैं, जो सीमित संसाधनों में भी बड़ा सोचने का हौसला रखते हैं।

# सय्यद अहमद चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के उर्स में मांगी गई मुल्क में अमन की दुआ

***-भारत गौरव सम्मेलन का आयोजन किया गया***



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के अमरसर में स्थित दरगाह हजरत शेख सय्यद अहमद चिश्ती रहमतुल्लाह का 786वां उर्स सज्जादा नशीन दरगाह और सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राजस्थान इकाई प्रदेश अध्यक्ष सूफ़ी आबिद अली चिश्ती फरीदी की सरपरस्ती आयोजित किया गया। इस मौके पर परंपरागत तौर से जुलूस निकाल कर चादर चढ़ाई गई और फातिहा ख्वानी कर के मुल्क में अमन चैन और खुशहाली तथा हिंदू मुस्लिम भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। इस मौके सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन द्वारा पर हिंदू मुस्लिम भाईचारे को मजबूत करने के लिए "वकार ए हिंद कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफ़ी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी ने कहा कि सूफ़ी परंपरा दिलों को जोड़ने वाली है। नफरत पैदा करने वाली कट्टरपंथी शक्तियों का विरोध करने के लिए युवाओं को उच्च शिक्षा दिलाए जाने की जरूरत है। इस मौके पर मोहम्मद अमीन खान समाजसेवी, महबूब भाई, वसीम रज़ा, अज़हर भाई एवं मोहम्मद फ़हीम मौजूद रहे।

# जवाहर नगर की मासूम बच्ची के हादसे पर मिला न्याय

***-विधायक रफीक ख़ान की पहल पर पीड़ित परिवार को मिली 9 लाख रुपये की सहायता***



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जवाहर नगर स्थित आज़ाद नगर कॉलोनी में हाल ही में सड़क हादसे में एक मासूम बच्ची की दुखद मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को भावुक कर दिया था। इस दर्दनाक घटना के बाद पीड़ित परिवार को न्याय और सहायता दिलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक रफीक ख़ान ने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ पहल की। एडवोकेट सलमान कुरैशी ने जानकारी दी कि समाज के जागरूक नागरिकों और विधायक रफीक ख़ान के प्रयासों से अब तक कुल 9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को मिल चुकी है। इसमें 4 लाख एक हज़ार रुपये की सहायता जनसहयोग से नकद दी गई, जबकि 5 लाख रुपये की सरकारी सहायता विधायक की पहल पर सीधे पीड़ित परिवार के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई है। इस मदद के लिए पीड़ित परिवार ने विधायक रफीक ख़ान से उनके निवास पर भेंट कर आभार जताया।

# मौलाना जियाउद्दीन र. अ. की दरगाह में उर्स का समापन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के चार दरवाज़ा स्थित हज़रत मौलाना जियाउद्दीन शाहे विलायत की दरगाह में चल रहे सालाना 216वें उर्स मुबारक का शनिवार को लंगर और कुल की रस्म के साथ शानदार समापन हुआ। दरगाह परिसर रोशनी से जगमगा उठा और देर रात तक सूफ़ियाना कलामों की महफिलें सजती रहीं। उर्स का आगाज़ मंगलवार को महफ़िल-ए-मीलाद शरीफ से हुआ था, जिसमें अख्तर हुसैन मिलाद पार्टी समेत शहर की कई नामी मिलाद पार्टियों ने नात और मनकबत का नजराना पेश किया। इस मौके पर दरगाह सज्जादा नशीन सैय्यद जियाउद्दीन जियाई और खुसरो मियां की सरपरस्ती में महफिलें आयोजित की गईं, जिनमें अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। 21 मई को हुए तरही मुशायरे में देशभर से आए शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इसमें हाकिम अय्यूबी, रज़ा शेदाई, माहिर शेदाई, ताहिर जमाली, तबस्सुम रहमानी और काविश मुरादाबादी जैसे शायरों ने शिरकत की। 22 और 23 मई को हुई महफिल-ए-समा में अनवर हुसैन कव्वाल के साथ-साथ साबरी बंधु, मुश्ताक गुलफाम, अख्तर जियाई, लियाकत हुसैन और नदीम वारसी समेत कई मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए। उर्स के आखिरी दिन दरगाह पर चादर और दुरूद का नजराना पेश करने वालों की भीड़ लगी रही। बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस रूहानी माहौल का हिस्सा बनीं। जायरीन की आमद से इलाके में खासी रौनक देखने को मिली। दरगाह की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। उर्स का समापन दरगाह में कुल की रस्म और लंगर के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत की और दुआओं में शरीक हुए।

# वक्फ बचाओ आंदोलन के तहत जयपुर में दिया धरना

***-वक्ताओं ने कहा मुस्लिम समुदाय को टारगेट किया जा रहा है***



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन एक्ट 2025 के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन तेज़ होता जा रहा है। गुरुवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में 'वक्फ बचाओ आंदोलन' के तहत शहीद स्मारक पार्क पर एक बड़ा प्रदर्शन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इस धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। मुस्लिम संगठनों और नेताओं का आरोप है कि यह संशोधन वक्फ संपत्तियों के अधिकारों में सीधा हस्तक्षेप है, और इससे वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता खत्म हो जाएगी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कई सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन भारत के संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह कानून वापस नहीं लिया गया, तो विरोध और अधिक व्यापक रूप लेगा। राजस्थान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. खानू खान बुधवाली ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है, तब से एक खास समुदाय को टारगेट किया जा रहा है। अगर मंदिरों के ट्रस्ट में मुसलमानों को जगह नहीं दी जाती, तो वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति कैसे की जा सकती है? उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियां मुसलमानों की धार्मिक और सामाजिक पहचान से जुड़ी हैं और सरकार इन पर नियंत्रण नहीं कर सकती। प्रदर्शन की अगुवाई करने वालों में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की मेंबर यास्मीन फारूकी, जमात ए इस्लामी हिंद के प्रदेश अध्यक्ष सैयद मोहम्मद नाज़िमुद्दीन, वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष वकार अहमद, और जामा मस्जिद कमेटी के पूर्व सचिव अनवर शाह, जमीयत उलेमा ए हिन्द के प्रदेशाध्यक्ष हाफ़िज़ मंज़ूर अली खान सहित कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। वही अनवर शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री 140 करोड़ भारतीयों की बात करते हैं, लेकिन एक पूरे समुदाय की धार्मिक संपत्तियों पर बिना संवाद के कानून थोप दिया गया। किसानों के काले कानूनों की तरह यह भी मुसलमानों पर थोपा गया कानून है, और ज़रूरत पड़ी तो हम अपनी शहादत देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शनकारियों ने साफ़ किया कि यह विरोध केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कानूनी स्तर पर भी लड़ाई जारी रहेगी। वर्तमान में यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, जिससे मुस्लिम समाज को न्याय मिलने की उम्मीद है।

**देशभर में गूंज रही है आवाज़**

जयपुर ही नहीं, बल्कि दिल्ली, लखनऊ, हैदराबाद, भोपाल और पटना जैसे शहरों में भी इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यदि सरकार ने वक्फ संशोधन एक्ट को वापस नहीं लिया, तो यह आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप लेगा।

# एक साल से फरार वारंटी संजय उर्फ मुर्गी को किया गिरफ्तार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ईनामी व वांछित स्थायी वारंटियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत एक विशेष टीम गठित की गई। 25 मई को को वांछित अपराधियों की तलाश एवं धरपकड के दौरान टीम द्वारा वांछित स्थाई वारंटी संजय उर्फ मुर्गी गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस की टीम में अरूण कुमार पुलिस निरीक्षक, सोहन सिंह हैड कानि, मौहम्मद शाहिद कानि, राकेश कुमार कानि की विशेष भूमिका रही है।

# जयपुर शहर में एक हफ्ता चला परिंडा लगाओ अभियान का समापन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शहर में टीम खिदमत की ओर से एक सप्ताह से चल रहे "परिंडा लगाओ अभियान" का समापन शहर के विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाकर किया गया। इस अवसर पर टीम के सदस्य इरफान अली पठान ने बताया कि अभियान के तहत एक सप्ताह में शहर में नाहरी का नाका कब्रिस्तान, भट्टा बस्ती कब्रिस्तान सहित अन्य कई स्थानों पर 72 परिंडे लगाए गए। जिन स्थानों पर परिंडे लगाए गए वहां टीम से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा परिंडों की सार-संभाल और नियमित तौर पर दाने-पानी की व्यवस्था की जाएगी। पठान ने बताया कि अभियान के साथ-साथ टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों कब्रिस्तानों में सफाई का कार्य भी किया गया। इस दौरान समाजसेवी रफीक खान, मोहम्मद इशाक, अजहर अली, अजहर खान, मोहम्मद ओवेश, मुन्ना खान, युनुस कुरैशी, जफर अली, हाजी रशीद, एडवोकेट वसीम खान, समाजसेवी मोहम्मद हसीब नियाज़ी आदि ने सहयोगी भूमिका अदा की।

# 10 हज़ार के ईनामी बदमाश विष्णु सिंह उर्फ बल्लु राजपुरा को किया गिरफ्तार

***-आरोपी से एक पिस्टल मय 2 मेग्जीन व 6 जिन्दा कारतुस भी किये बरामद***

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिले में पेंडिंग चल रहे इनामी बदमाशों पकड़ने एवं उन पर उचित कार्रवाई हेतु टीम गठित की गयी थी। जिसके क्रम में करधनी में वांछित 10 हज़ार का इनामी बदमाश विष्णु उर्फ बल्लू राजपुरा को एक पिस्टल दो मेग्जीन व 6 जिन्दा कारतुस के साथ सीएसटी और जयपुर पश्चिम की संयुक्त टीम ने दस्तयाब किया कर आरोपी पर मुकदमा नम्बर 519/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पुलिस थाना करधनी में दर्ज किया अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

**कार्यवाही का विवरण**

सीएसटी और जयपुर पश्चिम की सयुक्त टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना करधनी से 10 हजार रूपये के वांछित वारंटी विष्णु सिंह उर्फ बल्लु उर्फ लोकेन्द्र सिंह शेखावत को पकड़ा। विष्णु सिंह पिछले कई दिनों से लगातार हथियारों के साथ घूम रहा था तथा बारबार सोशल मीडिया पर लाइव आकर लोगों को धमकी दे रहा था। आरोपी से पुछताछ करने पर आरोपी से 01 पिस्टल मय 02 मेग्जीन व 06 जिन्दा कारतुस बरामद किये गये। जिस पर मुकदमा नम्बर 519/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पुलिस थाना करधनी में दर्ज किया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है, पुलिस अन्य साथियों की धरपकड़ का प्रयास कर रही है।

# बस स्टेण्ड पर यात्री का मोबाईल चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। परिवादी बंशीलाल शर्मा ने सिंधीकेम्प थाने पर लिखित रिपोर्ट पेश कर दर्ज करवाया कि 22 मई 2025 को 3.30 बजे वे जयपुर से मंदसौर जाने के लिए बस स्टैण्ड सिंधीकैम्प आया था और बस स्टैण्ड के सामने स्टेशन रोड के बीच बने रोड डिवाइडर पर बैठे थे, तभी दो लड़के आये जिनकी उम्र 19-20 साल रंग सांवला था। जिनमे से एक ने उनकी शर्ट की जेब में रखा मोबाइल निकाल लिया तभी वह उन्होंने उस लड़के को पकड़ने की कोशिश की तो उसके साथ आया दूसरे लड़के ने ब्लेड दिखाकर डराया-धमकाया, कि पकड़ने व चिल्लाने की कोशिश की तो ब्लेड मार देंगे। बंशीलाल शर्मा डर गया और वो दोनों लड़के मोबाइल लेकर भाग गए। रिपोर्ट करता हूं कानूनी कार्यवाई करें आदि रिपोर्ट पर मु0न0 68/2025 धारा 307 भारतीय न्याय संहिता 2023 में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये एवं बस स्टैण्ड पर यात्रीयों के सामान, मोबाईल, पर्स इत्यादि घटनाओं की रोकथाम के लिए श्याम सुन्दर उप0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना सिंधीकेम्प जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम सदस्यों द्वारा मुल्जिमान मोहम्मद इस्लाम व देशराज को गिरफ्तार किया गया एवं मुल्जिम मोहम्मद इस्लाम से चोरी का मोबाइल फोन को बरामद किया गया एवं मुल्जिम देशराज के पास मिली एक धारदार ब्लैड को जब्त किया गया। मुल्जिमानों से अन्य वारदातों के बारे में तफतीश की जा रही है।

# उबर टैक्सी चालक ने दिया ईमानदारी का परिचय




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उबर टैक्सी चालक शिशुपाल सिंह सोलंकी की गाड़ी 25 मई को सुबह 11 बजे पर संजू अग्रवाल के नाम से बुक कराई गई। राईड से रिचा अग्रवाल निर्माण नगर से महेश नगर के लिए रवाना हुई थी। महेश नगर उतरते समय गाडी में एक बैग भूल से छूट गया जिसमें कीमती जेवरात सोने का हार कीमत करीब 5 लाख रूपये था। घर आने पर करीब 1.30 बजे रिचा अग्रवाल के ध्यान में आया कि टैक्सी में बैग छूट गया है, उन्होंने टैक्सी चालक से मोबाइल पर सम्पर्क किया। टैक्सी चालक शिशुपाल सिंह ने इनसे इनके सामान का हुलिया पूछा और उसके आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर कार्यालय में उन्हे सामान सुपुर्द किया। शिशुपाल सिंह सोलंकी द्वारा अपने कार्य को ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से अंजाम देते हुए कीमती जेवरात को सुरक्षित उसकी मालिक श्रीमती रिचा अग्रवाल को वापिस लौटाने का सराहनीय एवं अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक कार्य किया है।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

-संपादक

Scan Here

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## राजस्थान में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने की मांग जोरों पर

राजस्थान में 2021 की सब इंस्पेक्टर (SI) भर्ती परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के कारण विवादों में घिरी हुई है। इस परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर न केवल अभ्यर्थी और उनके परिवार, बल्कि कई राजनीतिक दल भी सड़कों पर उतर आए हैं। यह मुद्दा अब न केवल शैक्षिक और प्रशासनिक पारदर्शिता का सवाल बन गया है, बल्कि यह राजस्थान की युवा शक्ति के भविष्य और सरकारी भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल उठा रहा है। सितंबर 2021 में राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में 859 पदों के लिए 7.97 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। यह परीक्षा 13, 14, और 15 सितंबर को 11 जिलों के 802 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। फरवरी 2024 में राजस्थान पुलिस के विशेष कार्य बल (SOG) ने पेपर लीक की पुष्टि की, जिसमें जयपुर के रविंद्र बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हसनपुरा से पेपर लीक होने की बात सामने आई। जांच में दो अलग-अलग गिरोहों का हाथ होने का खुलासा हुआ, जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से पेपर को प्रसारित किया था। SOG की जांच में अब तक 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 50 प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर और RPSC के दो पूर्व सदस्य, रामूराम रायका और बी.एल. कटारा, शामिल हैं। रायका पर आरोप है कि उन्होंने अपने बच्चों, शोभा और देवेश रायका, को लीक हुआ पेपर उपलब्ध करवाया, जिन्होंने क्रमशः 5वां और 40वां रैंक हासिल किया था। जांच में यह भी सामने आया कि कई टॉपर्स ने रीटेस्ट में खराब प्रदर्शन किया, जैसे शोभा रायका, जिन्होंने मूल परीक्षा में 343.52 अंक प्राप्त किए, लेकिन रीटेस्ट में हिंदी में केवल 24 और सामान्य ज्ञान में 34 सवाल ही सही कर पाईं। पेपर लीक के खुलासे के बाद अभ्यर्थियों और उनके समर्थकों ने परीक्षा को रद्द करने की मांग तेज कर दी। उनका तर्क है कि इस घोटाले ने मेहनती और ईमानदार अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया है, और केवल दोषियों को दंडित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। जयपुर में अक्टूबर 2024 में अभ्यर्थियों ने रिद्धि सिद्धि स्क्वायर पर कैंडल मार्च निकाला और बीजेपी विधायक किरोड़ी लाल मीणा के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। वहीं, चयनित अभ्यर्थियों के परिवारों ने परीक्षा रद्द करने के विरोध में प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सभी 859 चयनित अभ्यर्थियों को दोषी मानकर पूरी परीक्षा रद्द करना उन लोगों के साथ अन्याय होगा, जो बिना किसी गड़बड़ी के पास हुए हैं। उन्होंने मांग की कि केवल दोषी अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई हो और बाकी को उनकी ट्रेनिंग और नियुक्ति पूरी करने दी जाए।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP): RLP के नेता और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाया है । बेनीवाल ने युवाओं से एकत्र होने और शहीद स्मारक पर धरने में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि RLP हमेशा राजस्थान के मेहनतकश युवाओं के साथ खड़ी है। विपक्षी दल कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर इस मामले में ढिलाई बरतने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सरकार की अनिर्णय की स्थिति के कारण युवा और जनता परेशान हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भर्ती प्रक्रिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की रुचि और सत्ता के गलियारों में "संदिग्ध सौदेबाजी" हो रही है।सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार इस मामले में दबाव में है। गृह मंत्रालय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस मुद्दे पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की, लेकिन दिसंबर 2024 में यह बैठक स्थगित हो गई, जिससे निर्णय में देरी हुई। बीजेपी विधायक किरोड़ी लाल मीणा ने अभ्यर्थियों के समर्थन में आवाज उठाई और कहा कि उन्हें रद्द करने का प्रस्ताव सौंपा गया है। हालांकि, सरकार ने राजस्थान हाई कोर्ट में कहा कि जांच पूरी होने तक परीक्षा रद्द करने का निर्णय नहीं लिया जा सकता।राजस्थान हाई कोर्ट ने 18 नवंबर 2024 को भर्ती प्रक्रिया पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया, जिसके तहत 850 प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टरों की नियुक्ति और ट्रेनिंग पर रोक लगा दी गई। कोर्ट ने 10 जनवरी 2025 को सुनवाई में स्पष्ट किया कि कोई भी नियुक्ति कार्रवाई अदालत की अवमानना मानी जाएगी। कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता आर.डी. रस्तोगी को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है ताकि इस मामले को सुलझाने में मदद मिल सके।

राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने SOG की जांच के आधार पर परीक्षा रद्द करने का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा है, जिसे डीजीपी यू.आर. साहू ने आगे बढ़ाया। हालांकि, अंतिम निर्णय राज्य कैबिनेट के पास है, क्योंकि RPSC स्वतंत्र रूप से इस मामले में कार्रवाई नहीं कर सकता। सरकार का कहना है कि जांच पूरी होने तक कोई जल्दबाजी में निर्णय नहीं लिया जाएगा।

राजस्थान में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 का पेपर लीक मामला एक जटिल समस्या बन चुका है, जिसमें प्रशासनिक विफलता, भ्रष्टाचार, और राजनीतिक हित एक साथ उलझे हैं। अभ्यर्थियों और उनके परिवारों के विरोध प्रदर्शन, राजनीतिक दलों की सक्रियता, और कोर्ट की कार्रवाई इस मामले को और जटिल बना रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह पारदर्शी और त्वरित निर्णय ले ताकि मेहनती युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो और भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता बहाल हो। यह न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे देश के लिए एक सबक है कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और तकनीकी सुरक्षा को मजबूत करना कितना जरूरी है।

# सेना, संविधान, तिरंगा, मुसलमान और भाजपा के नेताओं का रवैया

सेना, संविधान, तिरंगा और मुसलमानों के प्रति भाजपा नेताओं का रवैया कभी नफ़रत भरा होता है तो कभी-हिक़ारत का होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इनका राष्ट्रवाद सिर्फ़ दिखावे का होता है। मुसलमानों के प्रति तो भाजपा और संघ का रवैया आजादी से पहले से ही नफरहत भरा है। संघ के दूसरे संघ प्रमुख गुरु गोवालकर ने अपनी प्रतिबंधित पुस्तक 'द बंच ऑफ थॉट्स' में साफ कर दिया था कि उनके हिंदू राष्ट्र में मुसलमान रह जरूर सकते हैं। लेकिन उनको नागरिक के रूप में कोई अधिकार नहीं होगा। यानि मुसलमानों को वोट डालने का भी अधिकार नहीं होगा। यह अलग बात है कि देश के बहुसंख्यक हिंदू समुदाय ने उनकी इस नफरत भरी सोच को ख़ारिज कर दिया था। और उनका संगठन आज भी भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं बना पाया और आज भी भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाये हुए है। लेकिन हाल ही में हुई कुछ घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि देश में मुसलमानों का होना ही अपने आप में एक गुनाह है। अभी हाल ही में भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था और वह संघर्ष विराम के लिए गिड-गिड़ा ने लगा था। सेना के इस अद्‌तितीय पराक्रम को देश के सामने प्रस्तुत करने के लिए सेना ने एक मुस्लिम अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी और एक दलित अधिकारी विंग कमांडर व्यामिका सिंह को चुना। इन दोनों ही महिला अधिकारियों ने सेना के पराक्रम को देश के सामने रखा और कर्तव्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूरा किया। लेकिन कर्नल सोफिया कुरैशी का अचानक देश का हीरो बन जाना भाजपा के नफ़रती नेताओं को हजम नहीं हुआ और मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बता दिया। उसके बाद जबलपुर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया। कोर्ट के आदेश के बाद भी बहुत कमजोर सी एफआईआर दर्ज की गई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री को कड़ी फटकार लगाई और पूरे मामले की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया। इतना कुछ होने के बाद भी भाजपा नेतृत्व ने विजयशाह को मंत्री पद से नहीं हटाया। और यह व्यक्ति आज भी मंत्री बना हुआ है। यह अलग बात है कि बाद में पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पकड़ी गई ज्योति महलोत्रा आतंकियों की बहन के तौर पर सामने आयी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के लिए जासूसी करते हुए जितने भी लोग गिरफ्तार हुए उनमें एक भी व्यक्ति मुस्लिम समुदाय से नहीं है।

मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने तो भारतीय सेना के अपमान में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कह दिया कि भारत की सेना प्रधानमंत्री मोदी जी के चरणों में नतमस्तक हैं। उप मुख्यमंत्री को शायद यह



नहीं पता है कि देश की सेना की निष्ठा देश के प्रति होती है। देश के संविधान के प्रति होती हैं। और भारतीय सेना का सर्वोच्च कमांडर देश का राष्ट्रपति होता हैं। देश की सेना किसी भी प्रधानमंत्री की बपौती नहीं होती हैं। जो किसी भी प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक होगी। लेकिन भाजपा के नेता ने हमेशा से सेना के पराक्रम का इस्तेमाल अपने लिए वोट हासिल करने में करती रहीं हैं। पठानकोट हमले के बाद जब भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में अंदर घुसकर बालाकोट में एयर स्ट्राइक की तो मोदी जी ने 2019 के लोक सभा के चुनावों में सेना के नाम पर खुलकर वोट मांगे। अभी भी भाजपा ऑपरेशन सिंदूर में सेना की सफलता से बिहार का चुनाव जीतना चाहती हैं। और इसके लिए पूरे देश में तिरंगा यात्राऐं निकाल रही हैं। यह अलग बात है कि संघ जो कि भाजपा का पितृ संगठन है, उसने कभी भी तिरंगा का सम्मान नहीं किया। जब संविधान सभा ने तिरंगे को राष्ट्र ध्वज के रूप में स्वीकार किया तो संघ ने तीनों रंगों के ध्वज को देश के लिए अपशुकन बताया और बहुत विरोध किया। लेकिन संविधान सभा ने इनकी एक भी नहीं सुनी और तिरंगे को राष्ट्र ध्वज के रूप में स्वीकार किया। इसका नतीजा यह हुआ कि लगभग 52 साल तक संघ अपने मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर कभी भी तिरंगे को नहीं फहराया। लेकिन जब संघ पर सवाल उठने लगे तो जन दबाव में उन्होंने तिरंगा फहराना शुरू किया हैं। अभी जयपुर निकली तिरंगा यात्रा में भाजपा के एक विधायक तिरंगे से अपनी नाक साफ कर रहा हैं। और इसका वीडियो पूरे देश में वायरल हुआ और पूरे देश ने देखा कि कैसे भाजपा के विधायक ने तिरंगा का अपमान किया और इसमें सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि आज तक पुलिस प्रशासन ने उस विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की हैं। अब जरा कल्पना कीजिये की कोई मुस्लिम विधायक तिरंगा के साथ ऐसी हरकत कर देता तो देश का पूरा मीडिया उस मुस्लिम विधायक की सात पुश्तों को पाकिस्तानी घोषित कर चुका होता ।चलिये कुछ और घटनाओं से समझते है कि कैसे मुसलमान होने की उनको सजा मिल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ठ निर्देश है कि बिना दूसरे पक्ष को सुने उसके घरों को बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता हैं। लेकिन उसके बावजूद उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सैकण्ड़ों मदरसों को अवैध बताते हुए बुलडोजर से जमींदोज कर दिया हैं। जबकि उसी उत्तराखण्ड में सैकण्ड़ों मंदिर अवैध तरीके से सरकारी जमीनों पर कब्जा बनाये हुए हैं। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती हैं। ऐसे ही पूरी दुनिया को पता है कि मायंम्मर में रोहिंग्या मुसलमानों का नरंसहार हो रहा हैं। ऐसे हालत में कुछ रोहिंग्या वैध कुछ अवैध तरीके से भारत में आ गये। देश का संविधान यह कहता है कि कोई वैध तरीके से आया हो या अवैध तरीके से आया हो। व्यक्ति के रूप में उसके जीवन को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी सरकार की होती हैं। लेकिन हाल ही में सूत्रों से बाहर से आयी खबर से यह तथ्य सामने आया कि कुछ रोहिंग्या मुसलमानों को मरने के लिए समुद्र में फेंक दिया गया तो कुछ को मरने के लिए मयंम्मार की सीमा पर फेंक दिया गया।

गुजरात के अहमदाबाद में तो भारत के ही बंगाली मुसलमानों की बस्ती को बांग्लादेशियों की बस्ती-बताकर लगभग आठ हज़ार मकानों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया। ऐसा ही राजस्थान में भी हुआ। बंगाल के बंगला भाषी मुसलमानों को बांगलादेशी बताकर गिरफ्तार किया गया और फिर उनको डिटेंशन कैंप में डाल दिया गया। जबकि उनके पास भारत के नागरिक होने के पर्याप्त सबूत मौजूद थे। इन सारी घटनाओं के विश्लेषण से आप समझ सकते है कि भाजपा नेताओं से ना संविधान, तिरंगा और देश के मुसलमानों के प्रति कैसा रवैया हैं।

**डॉ. एस खान**

# इस्लाम में अदब और एहतराम की अहमियत

हम जिस समाज में रहते हैं, वहाँ इंसानी रिश्तों की बुनियाद आपसी इज़्ज़त, अदब और मोहब्बत पर होती है। इस्लाम, जो इंसानियत को एक बेहतर ज़िंदगी का रास्ता दिखाता है, उसी इज़्ज़त और अदब को अपने उसूलों में एक अहम मक़ाम देता है। इस्लाम की नज़र में अदब (respect) महज़ एक अच्छा अख़लाक़ नहीं, बल्कि एक दीनी फ़र्ज़ है।

**इज़्ज़त का असल हक़दार**

इस्लाम बताता है कि इज़्ज़त सबसे पहले ख़ुदा (अल्लाह) का हक़ है। वही हमारा पैदा करने वाला है, उसी ने हमें ज़िंदगी के उसूल सिखाए। लिहाज़ा, सबसे पहले हमारा फ़र्ज़ है कि हम अल्लाह की इताअत करें, उसके हुक्मों पर चलें और उसके बताए रास्ते पर आगे बढ़ें। यही असली इज़्ज़त और अदब की पहली सीढ़ी है। "और जो कोई अल्लाह और उसके रसूल की इताअत करे, और अल्लाह से डरे और उसका हक़ अदा करे — वही लोग कामयाब हैं।"

(क़ुरआन 24:52)

**अदब सिर्फ अल्लाह के लिए नहीं**

इस्लाम हमें सिखाता है कि अल्लाह के साथ-साथ तमाम इंसानों, जानवरों और क़ुदरत के लिए भी हमारा रवैया अदब और रहम से भरा होना चाहिए। किसी की इज़्ज़त को ठेस पहुँचाना, किसी की ग़लती को उछालना या दूसरों के ऐब तलाश करना इस्लाम की तालीम के ख़िलाफ़ है।

**ग़ीबत और चुग़लख़ोरी – इज़्ज़त की तौहीन**



आज के दौर में एक बड़ी बीमारी बन चुकी है – ग़ीबत (पीठ पीछे बुराई करना)। अक्सर लोग इसे मामूली बात समझते हैं, मगर इस्लाम में इसे मुर्दा भाई का गोश्त खाने जैसा संगीन गुनाह बताया गया है। "ऐ ईमान वालों! बहुत से शक़ों से बचो... और न एक-दूसरे की ग़ीबत करो। क्या कोई अपने मरे हुए भाई का गोश्त खाना पसंद करेगा?"

(क़ुरआन 49:12)। नबी करीम □ ने फ़रमाया कि एक इंसान अपनी ज़बान से निकले एक लफ़्ज़ की वजह से जन्नत से दूर और जहन्नम के क़रीब हो सकता है, अगर वो लफ़्ज़ किसी की तौहीन करता हो।

**मुल्क, उम्मत और इंसानियत की बुनियाद – इज़्ज़त**

किसी समाज की पहचान उसके आपसी ऐहतराम में होती है। इस्लाम कहता है कि दूसरों के लिए वही चाहो जो अपने लिए चाहते हो। यह सिर्फ एक उसूल नहीं, बल्कि इंसानी रिश्तों की बुनियाद है। आज जब मीडिया और सोशल मीडिया पर ग़ीबत और तौहीन का बाज़ार गर्म है, हमें यह याद रखने की ज़रूरत है कि हम अल्लाह के सामने ज़िम्मेदार हैं, अपनी ज़बान, अपने अमल और अपने रवैये के लिए।

**रहमत का दरवाज़ा हमेशा खुला है**

इस्लाम सख़्ती नहीं, बल्कि रहमत का मज़हब है। अगर कोई इंसान ग़लती करे, ग़ीबत में पड़ जाए या किसी की इज़्ज़त को नुक़सान पहुँचाए, तो सच्चे दिल से तौबा करने और अपनी आदत बदलने से अल्लाह उसे माफ़ कर देता है। "अगर तुम किसी गुनाह से जहालत में फिसल जाओ, फिर तौबा कर लो और अच्छे अमल करो — तो अल्लाह बख़्शने वाला है, रहमत वाला है।"

(क़ुरआन 6:54)

इस्लाम में अदब एक मजबूरी नहीं, बल्कि एक शान है। यह अल्लाह की रहमत पाने का ज़रिया है और इंसानी रिश्तों को महफ़ूज़ रखने का सबसे ताक़तवर हथियार। आइए, हम सब मिलकर ऐसी ज़बान, ऐसा बर्ताव और ऐसा समाज बनाएं — जहाँ हर इंसान को इज़्ज़त मिले, और हर ज़बान अल्लाह की इताअत में लगे।

# हज में शैतान को कंकरी मारने की कहानी

## -इबादत, क़ुर्बानी और सब्र का सबक

इस्लाम के पांच बुनियादी स्तंभों में से एक है हज, जो हर साल दुनिया भर के लाखों मुसलमानों को मक्का की पाक सरज़मीन पर जमा करता है। हज के दौरान एक ऐसा अमल किया जाता है जो शायद बाहरी तौर पर अजीब लगे शैतान को कंकरी मारना (रमी जमरात)। लेकिन इसके पीछे एक बेहद गहरी रूहानी हकीकत और तवारीखी वाक़िआ छुपा है। यह रिवायत हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की ज़िंदगी से जुड़ी है। अल्लाह ने उन्हें हुक्म दिया कि वो अपने प्यारे बेटे हज़रत इस्माईल को उसकी राह में क़ुर्बान करें। ये हुक्म जितना बड़ा था, उतनी ही बड़ी थी इब्राहीम की आज़माइश। जब इब्राहीम अपने बेटे को लेकर मिना की जानिब रवाना हुए, शैतान ने तीन अलग-अलग जगहों पर उनके सामने आकर उन्हें अल्लाह के हुक्म से रोकने की कोशिश की। हर बार फ़रिश्ते जिबरील आए और कहा, "इसे कंकरी मारो!" — और इब्राहीम ने शैतान को सात-सात कंकरी मारकर दूर भगा दिया।

**इस वाक़िए को मशहूर मुस्लिम तारीख़दान अल-अज़रक़ी ने कुछ यूं बयान किया:**

"जब इब्राहीम मिना से अल-अक़बा की जानिब उतरे, तो शैतान उनके सामने आया। जिबरील ने कहा, 'इस पर कंकरी मारो', और इब्राहीम ने सात कंकर मारे। फिर मिडल जमरा पर आया, फिर छोटे जमरा पर – हर जगह शैतान को कंकरी मारकर दूर भगाया गया।"

हज में शैतान को कंकरी मारना एक प्रतीकात्मक अमल है — यह शैतान को नहीं, ख़ुद के अंदर की बुराइयों और ख़्वाहिशों को ठुकराने का ऐलान है।

इस अमल के ज़रिए मुसलमान जताते हैं कि: हम अल्लाह के हुक्म के आगे किसी भी चीज़ को तरजीह नहीं देंगे।

हम अपने अंदर के लालच, शक, घमंड और नाफरमानी को कंकरी मार रहे हैं। हम उस शैतानी आवाज़ को खामोश कर रहे हैं जो हमें नेकी से रोकती है। रसूलुल्लाह □ की तालीम और अमल: हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ि. फ़रमाते हैं कि: "रसूलुल्लाह □ ने जमरात को कंकरी मारते वक़्त तलबिया (लब्बैक) पढ़ना बंद नहीं किया, और सात कंकरों से रमी की।"

(बुखारी: 1685, मुस्लिम: 1282)

एक और रिवायत में आता है कि रसूलुल्लाह □ ने बड़े जमरा को मक्का अपनी बाईं तरफ और मिना को दाईं तरफ रखकर सात कंकर मारे और फ़रमाया: "यही तरीका उस शख़्स का था जिस पर सूरह अल-बक़रा नाज़िल हुई।"



(बुखारी: 1748)

आज जबकि दुनियावी लालच, सोशल मीडिया की ग़ीबतें, और दिल के अंदर छुपे हुए शक हमें नेकी से रोकते हैं — शैतान अब हमारे सामने जिस्मानी शक्ल में नहीं आता, बल्कि सोचों, ख्वाहिशों और गुनाहों के रूप में आता है। हज में शैतान को कंकरी मारना यह सिखाता है कि: हर मुसलमान को रोज़ अपने अंदर के शैतान से लड़ना है।

**यह अमल अल्लाह की फरमांबर्दारी और तौहीद पर अडिग रहने की मिसाल है।**

हर साल जब लाखों मुसलमान मिना में जमरात को कंकरी मारते हैं, तो वो दरअसल शैतान से बग़ावत और अल्लाह से वफ़ादारी का ऐलान कर रहे होते हैं। यह सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि रूह की ताज़गी और नफ़्स की सफाई का सफ़र है।

हज के इस अमल के पीछे जो तालीम है — वो है सब्र, त्याग, और अल्लाह की राह में हर रोकावट को ठुकरा देना। यह अमल हमें याद दिलाता है कि हज़रत इब्राहीम की तरह हमें भी हर दिन अपने शैतान को कंकरी मारनी है — अपने दिल, ज़बान और अमल से।

**मक्का में शैतान को मारे गए पत्थर कहाँ जाते हैं ?**

जब तमाम हाजी अराफात और मुज्दालिफा में रुकने के बाद मिना (एक जगह का नाम है) जाते हैं और मिना में ही वो जगह है जहाँ शैतान को कंकरियां मारी जाती हैं। आपके दिमाग में सवाल आया हो होगा कि हर हाजी शैतान को सात कंकरियां मारता है तो इतनी सारी कंकरियां जाती कहाँ हैं और फिर मारने के लिए कंकरियां मिलती कहाँ से हैं,

तो चलिए इसके बारे में हम जानते हैं कि इसका इन्तेजाम कैसे किया जाता है और उनको ठिकाने कैसे लगाया जाता है। सब से पहले तो ये जान लीजिये कि जहाँ कंकरियां मारी जाती हैं वो जगह चार मन्जिल गहरी है यानि उसमें क़रीबन 15 मीटर गहराई है, जो हाजी पत्थर मारता है वो उसी जगह जाकर इकठ्ठा हो जाती हैं, सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) से बात करते हुए, केदाना कंपनी के एक कर्मचारी, ई. अहमद अल-सुबही ने खुलासा किया कि जमारत में कन्कारियों को संभालने का काम हाजियों के पत्थर मारने का काम ख़त्म होने के पहले दुसरे और तीसरे दिन शुरू होता है और उसको 4 चरण में पूरा किया जाता है

चरण 1: पत्थर एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं

चरण 2: फिर पत्थरों को एक बड़े आटोमेटिक टब में मुन्ताकिल किया जाता है

चरण 3: पत्थरों को छोटे-छोटे हिस्सों में इकट्ठा किया जाता है

चरण 4: और फिर इन पत्थरों को दुसरे हाजियों को फिर से इस्तेमाल करने के लिए recycle किया जाता है

अल-सुबही ने बताया कि हाजियों के फेंके गए कंकर जो नीचे की ओर गिरते हैं और तहखाने में जाकर जमा हो जाते हैं, फिर उन पत्थरों को इकट्ठा करने और उन पर पानी छिड़कने, कंकड़ से चिपकी धूल और गंदगी को हटाने का काम किया जाता है।

आख़िर में, साफ किए गए कंकरों को वाहन में स्थानांतरित कर दिया जाता है और हज सीजन समाप्त होने के बाद दोबारा इस्तेमाल के लिए उसको स्टोर कर लिया जाता है।

## भूल सुधार

साप्ताहिक रॉयल पत्रिका के 19 मई से 25 मई 2025 के अंक में प्रकाशित लेख "हज़रत इब्राहिम अलैहिस्सलाम का वाकिया" में अलैहिस्सलाम की बजाय अदहम र. अ. पढ़ा जावे ।

# सिमटते रिश्ते और बिखरती पीढ़ियां

समय की तेज रफ्तार ने हमारे जीवन की बहुत-सी सच्चाइयों को बदल दिया है, लेकिन सबसे गहरी चोट अगर किसी पर हुई है, तो वो है हमारे आपसी रिश्तों पर। वो रिश्ते जो कभी हमारी पहचान हुआ करते थे, अब महज एक औपचारिकता बनकर रह गए हैं। चंद घंटों की मुलाकातें, खानपान के समय की पूछताछ और रस्म अदायगी तक सिमटे मेलजोल—ये आज की रिश्तेदारी की हकीकत है। पहले रिश्तों की अहमियत इतनी होती थी कि दूर - दराज के रिश्तेदार भी विवाह समारोह में हफ्तों पहले आ जाया करते थे और दुख दर्द में हफ्तों तक रुक जाया करते थे। घरों की रौनक, बच्चों की चहलकदमी और औरतों की सामूहिक रसोई—सबमें अपनापन और जुड़ाव नजर आता था। अब वही रिश्ते वॉट्सऐप के संदेशों और सोशल मीडिया की 'शुभकामनाओं' में सिमट चुके हैं। शादी में जाना हो तो पहले पूछा जाता है, "खाना कब शुरू होगा और अगर मौत मैय्यत जाना हो तो, दफनाया कब जाएगा रिश्तों की आत्मा खो चुकी है—बस शरीर बचा है।

**रिश्ते नहीं, रस्में बची हैं :-**

आज रिश्तों की बुनियाद में आत्मीयता की बजाय दिखावा और समय की तंगी हावी हो चुकी है। लोग बस इतना करना चाहते हैं जिससे समाज में उनकी 'हाजिरी' लग जाए। कई बार तो हाल यह होता है कि अगर कोई अपना एक दिन के लिए भी ठहरने आ जाए तो उससे पहले वजह पूछी जाती है। क्या यह वही समाज है जहां रिश्तेदार महीनों तक मेहमान बनकर रहते थे और मेज़बान उसे खुशी-खुशी निभाता था?

**गरीब की रिश्तेदारी—एक अनकहा संघर्ष :-**

इस बदलते दौर में सबसे ज्यादा मार उस वर्ग पर पड़ती है जो आर्थिक रूप से कमजोर है। उसकी भी जिम्मेदारियां और रिश्ते होते हैं, लेकिन उन्हें निभाने के लिए उसे कई बार अपनी जरूरतों की बलि चढ़ानी पड़ती है। कोई शादी की दावत हो तो अमीर मेहमान की तरह दिखने के लिए वो कर्ज लेता है, तंगी छुपाता है और उम्मीद करता है कि उसका सम्मान बना रहे। मगर समाज उसे उसकी हैसियत से नहीं, उसके 'परफॉर्मेंस' से तौलता है और अगर वो किसी रस्म में थोड़ा पीछे रह जाए, तो उसे नजरें नीची करनी पड़ती हैं।

**अब भी वक्त है :-**

समाज को अब रुककर सोचना होगा कि क्या हम वाकई एक 'स्मार्ट' युग में जी रहे हैं, या फिर एक 'संवेदनहीन' युग में रिश्ते खून से नहीं, एहसास से बनते हैं। वो एहसास अब मशीनों में नहीं, हमारे दिलों में ही जिंदा रह सकते हैं। जरूरत है सिर्फ थोड़ी समझदारी, थोड़े समय और ढेर सारी अपनापन की। रिश्तों को निभाना हो तो समय दीजिए, सम्मान दीजिए और सबसे जरूरी—समझदारी दीजिए। वरना आने वाली पीढ़ियां बस तस्वीरों में देखती रह जाएंगी कि कभी हमारे यहां रिश्तों की भी एक तहज़ीब हुआ करती थी।



**शादाब अली**

# 12वीं के बाद करियर की सही राह

## -साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए गाइड

जयपुर। अक्सर 12वीं क्लास पास करने के बाद अधिकांश स्टूडेंट कंफ्यूज रहते हैं कि अब वे क्या करें। एजुकेशन स्पेशल सीरीज में आज हम आपके इसी कन्फ्यूजन को दूर करेंगे। अपनी रुचि के अनुसार अपने आगे की भविष्य की रणनीति बना सकते हैं। 2वीं के बाद स्टूडेंट्स के पास स्नातक डिग्री, प्रोफेशनल कोर्स, सरकारी नौकरियां, स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग और उभरते करियर क्षेत्रों जैसे अनेकों ऑप्शन होते हैं। 12वीं कक्षा के बाद ही सही मायने में करिअर की दिशा तय होती है। 12वीं के बाद का समय सबसे ज्यादा निर्णायक होता है। ऐसे में स्टूडेंट्स सोच-विचार के बाद आगे की रणनीति बनाए।

**साइंस स्ट्रीम वालों के पास ये ऑप्शन**

साइंस सब्जेक्ट के मुख्य तीनों सब्जेक्ट (PCM/PCB /PCMB) मे करियर के अच्छे ऑप्शन हैं। इनमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ वाले स्टूडेंट्स सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सीएस, एआई, डेटा साइंस प्योर एंड हेल्थ साइंसेज से बी.ई. या बी.टेक कर सकते हैं। इसके अलावा फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ्स, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी अन्य स्ट्रीम वाले बीएससी नर्सिंग, बीपीटी (फिजियोथैरेपी), बीएमएलटी (लैब टेक्नोलॉजी), बीफार्मा (4 वर्ष), डीफार्मा (2 वर्ष) कर सकते हैं। इसके अलावा आर्किटेक्चर एंड डिजाइन बी.आर्क (5 वर्ष) और बी. डिजाइन वाले इंडस्ट्रियल, फैशन, इंटीरियर और ग्राफिक डिजाइनिंग में अपना करियर बना सकते हैं।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

मुस्लिम पठान खूबसूरत लड़की 33/154 सेमी./एम.ए. (इंग्लिश लिटरेचर)/ प्राइवेट कम्पनी में कार्यरत/ दीनी तालीम याफ़्ता, घर के कामों में दक्ष। वालिद प्राइवेट कम्पनी से रिटायर्ड, जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली। सुयोग्य पढ़ा-लिखा, सर्विस क्लास/ बिजनेसमेन लड़का चाहिए। इच्छुक संपर्क करें- 9672079550

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

Muslim Qureshi Caste Girl 34/5.6"/ Ph.D (Business Management)/MBA (HR & Marketing)/At present an Assistant Professor/Namazi and well versed in Quran. Jaipur based reputed family. Father Businessman. Seeking an educated Sunni Muslim religious boy from reputed family. Interested person contact: 9314966151

चूरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम पठान खान, दीनी तालीम याफ़्ता लड़की 24/5.2"/ एम एस सी (फिजिक्स)/ रंग फेयर, बैंक एग्जाम की तैयारी कर रही है, हेतु सुयोग्य पढ़े - लिखे, सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे - मोबाइल: 97851 62654

30/5.3"/ पोस्ट ग्रेजुएट व 27/5.3"/ ग्रेजुएट / दीनी तालीम याफ़्ता, नमाज़ी/ जयपुर निवासी रेप्यूटेड फैमिली। दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम सैयद युवकों के लिए खूबसूरत, ग्रेजुएट , घर के काम में दक्ष अच्छे घराने की लड़कियां चाहिए। इच्छुक व्यक्ति लड़कियों का बायो डाटा व्हाट्सएप करें - 97995 59096

सैयद मुस्लिम युवती 23/5.5"/ बी ए/खूबसूरत, गृह कार्य में दक्ष व दीनी तालीम याफ़्ता सवाई माधोपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु खूबसूरत, दीनदार, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन प्रतिष्ठित फैमिली के युवक की आवश्यकता है । संपर्क करें - +91 96369 22143

29 Years Old MBBA Doctor, Working in Dehli ,
Kota Based Family,Needs MBBS Girls. Contact - 9829068455

Kota Based, 31/5.3/B.tech, PG Diploma in Banking, MBA in Finance, BSTC, Experience 3 years in ICICI Bank [Special Officar], Sunni Muslim Rangrez Girl. Father - Principeal, Mother- House Wife, One Younger brothers. Required Educated, Honest life Partner Contact – 9829068455

## भारतीय सेना TEC -54 जनवरी बैच के लिए आवेदन शुरू; 12वीं पास को मौका

भारतीय सेना ने 10+2 टेक्निकल एंट्री स्कीम (TES-54) के तहत जनवरी 2026 बैच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
13 मई से 12 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स) के साथ
जेईई मेन 2025 में उपस्थित हुआ हो।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम आयु 16 वर्ष 6 माह और अधिकतम आयु 19 वर्ष 6 माह होनी चाहिए।
उम्मीदवारों की डेट ऑफ बर्थ 2 जुलाई 2006 से 1 जुलाई 2009 के बीच होनी चाहिए।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
जेईई (मेन) स्कोर
शॉर्टलिस्टिंग
एसएसबी इंटरव्यू
मेडिकल टेस्ट

**स्टाइपेंड :**
ट्रेनिंग के दौरान : 56,100 रुपए प्रतिमाह

**ट्रेनिंग के बाद सैलरी :**
लेफ्टिनेंट : 56,100-1,77,500 रुपए प्रतिमाह
कैप्टन : 61,300-1,93,900 रुपए प्रतिमाह
मेजर : 69,400-2,07,200 रुपए प्रतिमाह
लेफ्टिनेंट कर्नल : 1,21,200-2,12,400 रुपए प्रतिमाह
कर्नल : 1,30,600-2,15,900 रुपए प्रतिमाह
ब्रिगेडियर : 1,39,600-2,17,600 रुपए प्रतिमाह
मेजर जनरल : 1,44,200-2,18,200 रुपए प्रतिमाह
लेफ्टिनेंट जनरल HAG + स्केल : 2,05,400-2,24,400 रुपए प्रतिमाह
VCOAS/आर्मी कैडर/ लेफ्टिनेंट जनरल (NFSG) : 2,25,000 रुपए प्रतिमाह
COAS : 2,50,000 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
यहां आप अपनी जानकारी भरकर खाता बनाएं।
इसके बाद सभी जानकारी सही-सही भरें।
अब जरूरी दस्तावेज जैसे 12वीं प्रमाणपत्र और फोटो अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें और कन्फर्मेशन पेज का एक प्रिंटआउट ले लें।

## 'खान साहब' के यहां पर टिफिन सेंटर के लिए स्टाफ की जरूरत

खाना बनाने व ऑफिस की साफ-सफाई (15-20 मिनिट्स) के लिए महिला / पुरुष हेल्पर स्टाफ की जरूरत है ।
जॉब लोकेशन : नियर मुक्ति मार्ग आदर्श नगर/ MD रोड़ जयपुर
ड्यूटी महज 7 से 9 घंटे की है। सैलरी : 8 से ₹ 10,000 तक + दोनों वक्त का खाना फ्री ओवरटाइम की सुविधा उपलब्ध है।
Mob - 9828733222

## DRDO में साइंटिस्ट बी के 148 पदों पर निकली भर्ती; 7 जून से शुरू आवेदन, 55 हजार से ज्यादा सैलरी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी DRDO में 148 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार NATS की ऑफिशियल वेबसाइट rac.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू -**
7 जून से 27 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री, बीई, बीटेक की डिग्री

**एज लिमिट :**
यूआर, ईडब्ल्यूएस : 35 साल
ओबीसी : 38 साल
एससी, एसटी : 40 साल
पीडब्ल्यूबीडी : उम्र में 10 साल की छूट दी जाएगी

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
गेट स्कोर
पर्सनल इंटरव्यू

**सैलरी :**
56,100 रुपए प्रतिमाह
इसके अलावा एचआरए और अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**फीस :**
यूआर, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस (पुरुष) : 100 रुपए
एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, महिला : नि:शुल्क

**ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rac.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर करियर सेक्शन पर क्लिक करें।
अप्लाई लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।

## सीआईएसएफ हेड कांस्टेबल भर्ती 2025 - 403 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

CISF हेड कांस्टेबल भर्ती 2025 अधिसूचना जारी! CISF ने 403 हेड कांस्टेबल पदों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार CISF की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की

**अंतिम तिथि:**
06-06-2025 है।

**पोस्ट नाम -** हेड कांस्टेबल
**कुल पद -** 403

**आवेदन शुल्क**
यूआर/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए: 1000 रुपये
एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए: शून्य
भुगतान मोड: ऑनलाइन

**महत्वपूर्ण तिथियां**
ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि: 18-05-2025
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 06-06-2025

**आयु सीमा**
न्यूनतम आयु सीमा: 18 वर्ष
अधिकतम आयु सीमा: 23 वर्ष
आयु में छूट नियमानुसार लागू होगी।

**योग्यता**
अभ्यर्थियों के पास 12वीं प्लस खेल प्रमाणपत्र होना चाहिए

## न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन में 197 भर्ती; 28 मई से शुरू आवेदन, 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट्स करें अप्लाई

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
28 मई से 17 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग डिप्लोमा होल्डर्स या साइंस ग्रेजुएट, 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में 2 वर्षीय आईटीआई सर्टिफिकेट

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 28 साल

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
इंटरव्यू

**सैलरी :**
जारी नहीं

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाएं।
करियर बटन पर क्लिक करने के बाद Registration Form लिंक पर क्लिक करें।
GATE 2023/2024/2025 डिटेल्स के साथ रजिस्ट्रेशन करें।
अगले पेज पर न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।
जरूरी डिटेल्स दर्ज करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।

## एनसीएलटी भर्ती 2025 - 11 संयुक्त रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार और अन्य पदों के लिए ऑफ़लाइन आवेदन करें

नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने 11 संयुक्त रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार और अन्य पदों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक NCLT वेबसाइट के माध्यम से ऑफ़लाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19-07-2025 है।

**आवेदन शुल्क:**
उल्लेख नहीं किया गया

**महत्वपूर्ण तिथियां:**
आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि: 21-05-2025
आवेदन करने की अंतिम तिथि: रोजगार समाचार/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन।

**आयु सीमा:**
अधिकतम आयु सीमा: 56 वर्ष
आयु में छूट नियमानुसार लागू है।

**योग्यता:**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून में डिग्री; तथा कार्मिक और प्रशासनिक मामलों में अनुभव।

**वेतन:**
संयुक्त रजिस्ट्रार: लेवल-13 (123100-215900 रुपये)
उप रजिस्ट्रार: लेवल-12 (78800-209200 रुपये)
सहायक रजिस्ट्रार: लेवल-11 (67700-208700 रुपये)

## हमारे ऑफिस में बुजुर्ग गार्ड स्टाफ की जरूरत है

जॉब लोकेशन : Limra फाउंडेशन आदर्श नगर जयपुर
सैलरी. : 8 से ₹ 9,000
सुकून से बैठना है, आने जाने वालों की एंट्री करनी है पानी की मोटर चलानी है
Call @ इरफान अख्तर 9828733222
Night Duty 7 Pm to 7Am
Gaurd Can Sleep At Night

## महिला सेल्स कोऑर्डिनेटर स्टाफ की जरूरत है

जॉब लोकेशन : मालवीय नगर, जयपुर
सैलरी : 20 से ₹ 30,000 तक
HR @ 9828733222

## सांगानेर में मालपुरा गेट के पास स्टेशनरी की दुकान पर काम करने मेल स्टाफ की जरूरत है

सैलरी 7K से 11,000
HR -9828733222
कोई सा भी कम पढ़ा लिखा स्टाफ भी अप्लाई कर सकता है

## काठी रोल, वेज और नॉनवेज रोल बनाने के लिए स्टाफ की जरूरत है

सैलरी : ₹15000 + रहना + खाना फ्री हैं, टेक अवे है कस्टमर नहीं आते हैं , ओन्ली स्विग्गी और जोमैटो ऑर्डर जाते हैं, साथ में वेज कबाब, सीख कबाब बनाने वाले स्टाफ की भी जरूरत है
@HR 9828733222

## NTPC में फ्रेशर के लिए निकली भर्ती; 17 मई से शुरू आवेदन

नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NTPC) में 30 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
17 मई से 31 मई 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
केमिस्ट्री में एमएससी
फ्रेशर या एमएससी फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स भी अप्लाई कर सकते हैं।

**एज लिमिट :**
अधिकतम 27 साल
एससी, एसटी को 5 साल की छूट
ओबीसी को 3 साल की छूट
पीडब्ल्यूबीडी को 10 साल की छूट

**सैलरी :**
30,000 – 1,20,000 रुपए प्रतिमाह

**फीस :**
जनरल, ओबीसी : 300 रुपए
एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, महिला : नि:शुल्क

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
ऑनलाइन सिलेक्शन टेस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर जाएं।
करंट वैकेंसीज चेक करें।
जरूरी डॉक्यमेंट्स दर्ज करें।
रजिस्ट्रेशन करने के बाद लॉग इन करके फॉर्म भरें।
फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 2600 पदों पर निकली भर्ती, ग्रेजुएट्स करें अप्लाई

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने सर्किल बेस्ड ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट sbi.co.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
9 मई से 29 मई 2025 तक

**पोस्ट :**
2600

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
ग्रेजुएशन की डिग्री

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 21 साल
अधिकतम : 30 साल
आरक्षित वर्ग को उम्र में छूट एसबीआई नियमों के अनुसार दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
ऑनलाइन परीक्षा
स्क्रीनिंग टेस्ट
इंटरव्यू
स्थानीय भाषा परीक्षा

**फीस :**
जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 750 रुपए
एससी, एसटी, पीएच : नि:शुल्क

**सैलरी :**
48480 - 85920 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट sbi.co.in पर जाएं।
न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।
नाम, पासवर्ड के साथ लॉग इन करें।
फॉर्म में पासपोर्ट साइज फोटो, सिग्नेचर और अन्य डॉक्यूमेंट्स अटैच करें।

## एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अप्रेंटिस के 135 पदों पर भर्ती; इंजीनियर को मौका

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अप्रेंटिस के 135 पदों भर्ती 31 मई तक करे आवेदन। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट aai.aero पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
किसी भी स्ट्रीम में इंजीनियरिंग की डिग्री।
संबंधित ट्रेड में आईटीआई/ एनसीवीटी सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।

**स्टाइपेंड :**
ग्रेजुएट अप्रेंटिस : 15,000 रुपए प्रतिमाह
आईटीआई अप्रेंटिस : 9000 रुपए प्रतिमाह
डिप्लोमा अप्रेंटिस : 12,000 रुपए प्रतिमाह

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
क्वालिफिकेशन के बेसिस पर
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट www.aai.aero पर जाएं।
जरूरी डिटेल्स दर्ज करके रजिस्ट्रेशन करें।
लॉगिन करने के लिए अपनी रजिस्टर्ड जानकारी दर्ज करके सब्मिट करें।

## महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक में 158 पदों पर भर्ती; एज लिमिट 42 साल

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक, हरियाणा में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पदों पर भर्ती निकली है। ये भर्तियां केमिस्ट्री, कॉमर्स, कंप्यूटर साइंस, इकोनॉमिक्स, इंग्लिश, हिस्ट्री, हिंदी, लॉ, मैथ्स, पॉलिटिकल साइंस आदि विषयों के लिए की जाएगी। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट recruitment.mdu.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुरू :
15 मई से 05 जून 2025 तक

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :
न्यूनतम 55% अंकों के साथ संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, NET, SLET एग्जाम पास/पीएचडी, रिसर्च पब्लिकेशन जरूरी


एज लिमिट :
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 42 साल
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र सीमा में छूट दी जाएगी।

सैलरी :
प्रोफेसर : 1,44,200-2,18,200 रुपए प्रतिमाह
एसोसिएट प्रोफेसर : 1,31,400-2,17,100 रुपए प्रतिमाह
असिस्टेंट प्रोफेसर : 57,700-1,82,400 रुपए प्रतिमाह

सिलेक्शन प्रोसेस :
इंटरव्यू
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल एग्जाम

फीस :
सामान्य/यूआर, ईएसएम : 1600 रुपए
महिला (हरियाणा निवासी) : 800 रुपए
एससी/बीसी-ए/बीसी-बी/ ईडब्ल्यूएस (हरियाणा) : 400 रुपए
दिव्यांगजन (हरियाणा) : नि:शुल्क

## दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में 500 पदों पर भर्ती; ग्रेजुएट्स को मौका




दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट newindia.co.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
06 जून से 20 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
ग्रेजुएशन की डिग्री

**एज लिमिट :**
•न्यूनतम : 21 साल
•अधिकतम : 30 साल
•रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट दी जाएगी।

**फीस :**
•जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 944 रुपए
•एससी, एसटी, अन्य : 708 रुपए
•पीएच : 472 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
•रिटन एग्जाम
•स्थानीय भाषा परीक्षा
•डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
•मेडिकल टेस्ट

**सैलरी :**
9000 रुपए प्रतिमाह

जरूरी डॉक्यूमेंट्स :
•आवेदक का आधार कार्ड
•पद से संबंधित डिग्री और डिप्लोमा
•पासपोर्ट साइज फोटो
•रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर
•ईमेल आईडी
•स्थायी निवास प्रमाण पत्र
•सिग्नेचर
•निवास प्रमाण पत्र
•जाति प्रमाण पत्र

**ऐसे करें आवेदन :**
•ऑफिशियल वेबसाइट newindia.co.in पर जाएं।
•अप्लाई ऑनलाइन पर क्लिक करें।
•सभी डिटेल्स दर्ज करें।

# नौतपा की भीषण गर्मी में रखें सेहत का ख्याल

आमतौर पर मई का मतलब होता है भीषण गर्मी और लू। हालांकि, इस बार हालात कुछ सामान्य हैं, क्योंकि चक्रवात के कारण देश के कई हिस्सों में बारिश से तापमान सामान्य से कम है। इन सबसे बीच लोगों को अभी नौतपा का डर सता रहा है। नौतपा यानी वे नौ दिन जब सूर्य से धरती पर आग बरसेगी और भीषण गर्मी पड़ेगी। इसे नवताप भी कहा जाता है। इस बार नौतपा 25 मई से शुरू हो रहा है, जो कि 2 जून, 2025 तक चलेगा। ये 9 दिन साल के सबसे गर्म दिन होते हैं। शास्त्रों के मुताबिक, नौतपा तब लगता है, जब ज्येष्ठ महीने में सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है। इस दौरान दिन के समय में घर से बाहर निकलना किसी खतरे से कम नहीं होता है। वहीं कुछ खास हेल्थ कंडीशन से जूझ रहे लोगों को नौतपा में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है क्योंकि उनका शरीर ज्यादा गर्मी झेलने के लिए सक्षम नहीं होता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 2024 में भारत में हीट स्ट्रोक से 360 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 'हीट वॉच' नामक संस्था की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि असल में यह आंकड़ा सरकारी आंकड़ों से दोगुना यानी 733 है। हालांकि कुछ सुरक्षा उपायों से नौतपा की तेज गर्मी से बचा जा सकता है। नौतपा आमतौर पर मई के आखिरी और जून के पहले हफ्ते में होता है। इस समय हवाएं गर्म और शुष्क होती हैं, जो तापमान को और बढ़ा देती हैं। इस दौरान सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी कम हो जाती है। इससे सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं और भीषण गर्मी महसूस होती है। नौतपा के दौरान जब तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाता है तो शरीर पर इसका सीधा असर पड़ता है। तेज गर्मी और लगातार पसीना आने की वजह से शरीर में नमक-पानी की कमी हो जाती है। इससे व्यक्ति को कमजोरी महसूस होने लगती है, चक्कर आ सकते हैं और थकावट बनी रहती है। अगर शरीर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाए तो बुखार, सिरदर्द, उल्टी और कभी-कभी बेहोशी भी हो सकती है। तेज गर्मी के कारण स्किन रैशेज और घमौरियां हो सकती हैं। इसके अलावा गर्मी में पाचन तंत्र भी प्रभावित होता है। खाना जल्दी पचता नहीं है, जिससे दस्त या उल्टी की समस्या हो सकती है।

**नौतपा में किन लोगों को ज्यादा रिस्क होता है?**

वैसे तो नौतपा हर किसी के लिए खतरनाक है। लेकिन कुछ लोगों को इसका रिस्क अधिक रहता है। जैसेकि-

जो लोग धूप में ज्यादा समय बिताते हैं। जो लोग किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। इसके अलावा छोटे बच्चों, बुजुर्गों और प्रेग्नेंट वुमन को भी इसका रिस्क ज्यादा होता है। शरीर का तापमान बढ़ने पर हार्ट, लंग्स, लिवर और ब्रेन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में जो लोग पहले से इससे जुड़ी बीमारियों से पीड़ित हैं, उनके लिए ज्यादा गर्मी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है।

**क्या हो सकती है परेशानी ?**

दिल

गर्मी में जब शरीर का तापमान बढ़ता है तो उसे कंट्रोल करने के लिए ब्लड सर्कुलेशन तेज हो जाता है। इससे हार्ट को खून पंप करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

सांस संबंधी समस्याएं

तेज, गर्म और शुष्क हवा अस्थमा या अन्य सांस की बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना सकती है। इस मौसम में स्मोकिंग करने वालों को सांस संबंधी समस्या और इन्फेक्शन का खतरा ज्यादा होता है।


किडनी

तेज गर्मी किडनी की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है। जब शरीर डिहाइड्रेट होता है तो किडनी पर ज्यादा दबाव पड़ता है और वे शरीर से टॉक्सिन्स को ठीक से फिल्टर नहीं कर पातीं। इससे किडनी फेल्योर या सीवियर इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

शुगर

तेज तापमान का असर ब्लड शुगर लेवल पर भी पड़ता है। यह इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ा सकता है, जिससे शरीर शुगर को ठीक से प्रोसेस नहीं कर पाता। ऐसे में डायबिटिक लोगों के लिए शुगर लेवल कंट्रोल में रखना मुश्किल हो सकता है और उनकी स्थिति बिगड़ सकती है।

दिमागी हेल्थ कंडीशन




तापमान बढ़ने के साथ ही स्ट्रेस, एंग्जाइटी, डिप्रेशन और पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (PTSD) जैसी मेंटल कंडीशन के ट्रिगर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

मोटापा

अधिक वजन वाले लोगों के शरीर में फैट की परत गर्मी को बाहर निकलने से रोकती है। इससे शरीर का तापमान तेजी से बढ़ सकता है। ऐसे में उन्हें डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक होता है।

हाइपरटेंशन

तेज गर्मी हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों में ब्लड प्रेशर को अस्थिर कर सकती है और हार्ट पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

## यूपीएससी ने ऑफिसर के 493 पदों पर भर्ती निकाली


नई दिल्ली, (रॉयल पत्रिका) यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (UPSC) ने विभिन्न विभागों में ऑपरेशन ऑफिसर, ट्रांसलेटर, ड्रग्स इंस्पेक्टर, स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 सहित कुल 493 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया UPSC की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर शुरू हो चुकी है।

**भर्ती के पद व विवरण :**
ऑपरेशन ऑफिसर – 121 पद
स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 – 122 पद
ट्रेनिंग ऑफिसर – 94 पद
जूनियर रिसर्च ऑफिसर – 24 पद
ड्रग्स इंस्पेक्टर – 20 पद
पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 – 18 पद
असिस्टेंट डायरेक्टर – 17 पद
अन्य तकनीकी और वैज्ञानिक पद – 76 पद

**योग्यता :**
उम्मीदवारों के पास संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन या डिप्लोमा होना आवश्यक है।

**आयु सीमा :**
न्यूनतम : 30 वर्ष
अधिकतम : 50 वर्ष
आरक्षण के अनुसार SC/ST को 5 वर्ष व OBC को 3 वर्ष की छूट दी जाएगी।

COMMERCE COACHING CLASSES
ADMISSION OPEN
Expert Coaching & Guaranteed Success
For : Class 6th to 8th - All Subjects
9th - 10th - Science & Maths
11th, 12th & B.Com - Commerce
Salient Features :
✦ Result Oriented & Concept Based Teaching
✦ Small Batches to Assure High Quality Education.
✦ Individual Attention to Each & Every Student.
✦ Conduct Regular Test & Provide Notes.
✦ Learn with Books and Beyond
✦ Twice Revise Before Exams.
FREE DEMO CLASSES
New Batches Starting from June
ACCOUNTS
BUSINESS STUDIES
ECONOMICS
Expert Coaching By :
Shaheen Maa'm
MBA (UOR)



Basement, Corner Building, Near Hamza Masjid Chouraha
Rajiv Gandhi Marg, Adarsh Nagar, Jaipur-302004
One More Service by Limra Foundation. - Admission Open
@ HR Irfan Akhtar : 9828733222

# एसआईओ द्वारा कैरियर गाइडेंस और काउंसिलिंग सेमिनार का आयोजन

बारां,(रॉयल पत्रिका)। स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन (SIO) बारां की जानिब से रविवार 25 मई सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जामिया कौसर स्कूल के हॉल में कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 30 से ज़्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रोग्राम में जयपुर से आये मुख्य अतिथि डॉ. शफ़ीक़ अहमद, कैरियर काउंसलर व दिल्ली से डॉ. ख़ान यासिर ने बच्चों को भविष्य में सही दिशा में जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 10वीं, 12वीं और ग्रेजुएशन के विद्यार्थियों को आगे की विषय, कोर्स व अपना प्रोफेशनल कैरियर चुनने के लिए एक PPT प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही बच्चों के सवालो के जवाब दिए।



प्रोग्राम कि शुरुआत कुरआन की आयतों की रौशनी में शिक्षा की महत्वता को बताया गया साथ ही स्टूडेंट इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया, राजस्थान बारां इकाई के अध्यक्ष कफील हसीब ने संगठन का परिचय करवाया। अंत मे एसआईओ बारां इकाई के सदस्य समीर अंसारी ने सभी का धन्यवाद अर्पित किया।

कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम में विद्यार्थियों की अलावा इलाके के सम्मानीय लोग ओर संगठन के नबील अहमद, लुकमान अहमद, शाह फैसल, राहिल अंसारी आदि भी मौजूद रहे।

# सहारा स्टडी प्वाइंट का 12 वीं कला वर्ग का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

## -छात्रा आयशा परवीन ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके संस्थान का नाम किया रोशन

बारां,(रॉयल पत्रिका)। हाल ही में जारी हुए 12 वीं कला वर्ग के परिणाम में ज्यादातर जगह बेटियों ने बाजी मारी है। बारां शहर के नयापुरा स्थित सहारा स्टडी प्वाइंट का 12 वीं कला वर्ग का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्टडी प्वाइंट के डायरेक्टर मोहम्मद आफाक ने बताया की छात्रा आयशा परवीन ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल टॉप किया। वहीं छात्रा आयशा आलम 89 प्रतिशत, नाजिया अंसारी 88 प्रतिशत, आरजू 87 प्रतिशत, छात्र अब्दुल वासित 83 प्रतिशत, ईशाना 83 प्रतिशत, हेमंत पंकज 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल और परिवार का मान बढ़ाया। छात्रा आयशा परवीन और आयशा आलम ने बताया की स्कूल में बेहतर शैक्षणिक माहौल



मिलने और लगातार मेहनत करने से कामयाबी मिली है। परिणाम जारी होने के बाद स्कूल परिसर में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया गया, इस दौरान अध्यापक जितेंद्र कुमार नागर, हाफिज इंसाफ, इकबाल गोरी, जी. एस. नामा, इस्लाम हुसैन, इरशाद अली, सचिन वर्मा, महावीर मीणा, मोहम्मद कलीम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मदरसा अंजुमन इस्लामिया स्कूल का 12 वीं कला वर्ग का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

## -साईमा नाज ने हासिल किए 92.60 प्रतिशत अंक

बारां, (रॉयल पत्रिका)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा गुरुवार को 12 वीं कला वर्ग का रिजल्ट घोषित किया गया। बारां शहर के मोहम्मद अशफाक भाईजान मेमोरियल मदरसा अंजुमन इस्लामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमे पहले स्थान पर साईमा नाज 92.60 प्रतिशत, दूसरे स्थान पर नशरा खत्री 91.20 और तीसरे स्थान पर सोबिया अंसारी 89.60 ऊपर नंबर लाकर स्कूल, अध्यापकों और मदरसा कमेटी का नाम रोशन किया।

प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि परिणाम जारी होने के बाद अंजुमन कमेटी द्वारा अंजुमन सदर माजिद सलीम व नायब सदर जाकिर मंसूरी के नेतृत्व में मदरसे में पहुंच कर




बच्चियों का माला पहनाकर, मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया।

इस दौरान सेक्रेट्री मोहम्मद आसिफ (भाईजान), तालीम कनवीनर मोहम्मद दिलावर, मोहम्मद इसराज, प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज, अब्दुल मजीद जीरोद, प्रिंसिपल सादिक हुसैन, नासिर खान बंटी, आबिद देशवाली, इरफान मंसूरी, नासिर खान, अनवर हाशमी, तोसीफ खान, मोहम्मद हुसैन, मंसूर अली आदि मौजूद रहे।

# नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस का 12वीं कला वर्ग का परिणाम रहा शत प्रतिशत

बारां, (रॉयल पत्रिका)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा गुरुवार को 12 वीं कला वर्ग का रिजल्ट घोषित किया गया। बारां शहर के नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस का रिजल्ट पिछले सालों की तरह इस साल भी शत प्रतिशत रहा। स्कूल के डायरेक्टर अब्दुल मतीन ने बताया 26 स्टूडेंट्स में से 24 स्टूडेंट्स फस्ट क्लास और 2 सेकंड हुए। रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस के छात्र अल्फेज खान 87.40 प्रतिशत हासिल करके स्कूल सहित अपने परिवार का नाम रोशन किया है, वही नाजिया कौसर 87.20 प्रतिशत, अलवीरा कौसर 81.60 प्रतिशत, खुशबू 81.20 प्रतिशत नंबर लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। डायरेक्टर अब्दुल मतीन ने



कहा की हमारा फोकस बच्चो को बेहतरीन शिक्षा मुहैया करवाना है। ताकि बच्चे स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें। परिणाम जारी होने के पश्चात स्कूल परिसर में स्कूल के टॉपर छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। इस दौरान मुकीम सर, सद्दाम हुसैन, शाहिद हुसैन, मौलाना सलमान नदवी, वसीम अकरम मंसूरी, कामिल खान, अध्यापिका रुखसार व आसिमा सहित स्कूल के टीचर व स्टॉफ उपस्थित रहा।

# दिव्यांग स्कूटी योजना के आवेदन अब 30 मई तक

डॉ तोहीद

सुकेत/रामगंजमंडी, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 30 मई तक बढ़ाया। पहले अंतिम तिथि 15 मई थी। योजना के तहत कॉलेज में पढ़ाई कर रहे या रोजगार में लगे दिव्यांगों को निशुल्क स्कूटी दी जाएगी।

# बारहठ परिवार जैसे बलिदान का विश्व इतिहास में नहीं दूसरा उदाहरण- ओंकारसिंह लखावत

शब्बीर हुसैन

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारी केसरीसिंह बारहठ के पुत्र अमर शहीद कुंवर प्रतापसिंह बारहठ का जयंती समारोह शनिवार को यहां कोटा विकास प्राधिकरण ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत थे।

समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बारहठ परिवार के पीढ़ियों से राष्ट्ररक्षा के लिये दिये जा रहे बलिदानों को याद किया और कहा कि विश्व इतिहास में ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं हैं, जब स्वयं केसरी सिंह बारहठ, उनके भाई जोरावर सिंह बारहठ और पुत्र प्रताप सिंह बारहठ के अलावा उनके जामाता ईश्वरदान आशिया समेत पूरे परिवार ने आजादी के आंदोलन में अपना सर्वस्व त्याग किया हो। लखावत ने शाहपुरा, भीलवाड़ा में 4 करोड़ की लागत से बारहठ परिवार का पैनोरमा निर्माण का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि कोटा के क्रांतिकारियों के क्रांतिकर्म की



याद को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये यहां भी 1 करोड़ की लागत से स्मारक बनायेंगे। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ के गांव देवजी का खेड़ा को धरोहर गांव के रुप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रुप में कोचिंग गुरु और मोटिवेशनल स्पीकर राजवीर सिंह चलकोई ने प्रतापसिंह बारहठ के क्रांति कर्म पर प्रकाश डालते हुए रासबिहारी बोस और सचीन्द्र सान्याल के साथ वीर प्रताप की क्रांतिकारी गतिविधियां और चांदनी चौक में लॉर्ड हॉर्डिंग्ज पर बम फेंकने से लेकर बरेली जेल में यातनाएं सहते हुये दम तोड़ने तक प्रताप के पूरे जीवन संघर्ष को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा शहर अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व महापौर महेश विजय, कोटा डेयरी अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, पूर्व कुलपति प्रो. हाकम दान और ओर खादी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज मेहता भी उपस्थित थे।

समारोह के दौरान 3 श्रेणियों में वीर माता माणिक कंवर नारीशक्ति वन्दन सम्मान उमा रहू को, प्रताप सिंह बारहठ स्वाभिमान सम्मान सतना, मध्यप्रदेश के शहीद कर्णवीर सिंह को, जोरावर सिंह बारहठ पराक्रम सम्मान ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए शहीद सुरेन्द्रसिंह मोगा को प्रदान किया गया।

# वक्फ (संशोधन) कानून 2025 के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन संपन्न

बारां, (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर चलाई जा रही राष्ट्रव्यापी मुहिम के तहत 22 मई को बारां शहर में अंजुमन इत्तिहाद-ए-बाहमी के नेतृत्व में वक्फ (संशोधन) कानून 2025 के खिलाफ एक विशाल धरना अंजुमन चौराहे पर दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन को शहर के सभी मुस्लिम संगठनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त था।




प्रदर्शन में प्रमुख वक्ताओ तहफ्फुज़-ए-ओकाफ़ कमेटी के कन्वीनर मौलाना अख्तर नदवी, वक्फ बोर्ड कमेटी के चेयरमैन इरफान अंसारी, अंजुमन इत्तेहाद-ए-बाहमी के जनरल सेक्रेट्री आबिद हुसैन अंसारी, मुफ्ती मोहम्मद उमर मजाहिरी, मोलाना इम्तियाज, अशरफ देशवाली, हाजी वसीम अहमद, नासिर मिर्जा, पार्षद जाकिर खान, जाकिर रंगरेज व खाताेनो ने वाफ़ीया वसीम व नाजिया ने अपने विचार रखे, जिन्होंने वक्फ एक्ट को "असंवैधानिक" और "मुस्लिम समुदाय के धार्मिक व सांस्कृतिक अधिकारों पर हमला" करार दिया। प्रदर्शन के अंत में अंजुमन इत्तिहाद-ए-बाहमी के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को माननीय राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें एक्ट को रद्द करने की मांग की गई। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और विभिन्न समुदायों के लोगों ने संवैधानिक मूल्यों और धार्मिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाई।

ओकाफ कमेटी के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि वक्फ (संशोधन) एक्ट 2025 के प्रावधान, जैसे गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करना और जिला कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों के सर्वे का अधिकार देना, मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता और संवैधानिक अधिकारों के लिए खतरा हैं। यह एक्ट संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं।

औकाफ कमेटी के कन्वीनर मौलाना अख्तर नदवी ने अपने भाषण में कहा, "वक्फ एक्ट मुस्लिम समुदाय की धरोहर पर सरकारी नियंत्रण की साजिश है। हमने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाई और मांग की कि इस एक्ट को तत्काल रद्द किया जाए।"

अंजुमन इत्तिहाद-ए-बाहमी ने स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन केवल मुस्लिम समुदाय तक सीमित नहीं था। हिंदू, सिख, ईसाई, और अन्य समुदायों के शांतिप्रिय लोग भी इस धरने में शामिल हुए, जो वक्फ एक्ट को सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा मानते हैं। आयोजकों ने इसे एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया।

प्रदर्शन से पहले स्थानीय प्रशासन को सूचित किया गया था, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए।

प्रदर्शन बारां शहर में वक्फ एक्ट के खिलाफ चल रहे राष्ट्रव्यापी विरोध का हिस्सा था। आयोजकों ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जो इस धरने में शामिल होकर संवैधानिक मूल्यों और धार्मिक स्वायत्ता की रक्षा के लिए एकजुट हुए। अंजुमन इत्तिहाद-ए-बाहमी ने कहा, "यह केवल वक्फ की लड़ाई नहीं, बल्कि भारत के संवैधानिक ढांचे और सामाजिक सौहार्द को बचाने की लड़ाई है।"

# बारां जिले में वन्यजीव गणना अब 11 जून को, बारिश के चलते बदली गई तारीख

बारां,(रॉयल पत्रिका)। जिले में वन्यजीवों की गणना अब 11 जून को होगी। यह गणना पहले 12 मई को होनी थी, लेकिन बारिश के कारण टाल दी गई थी। जिले के 77 वाटर प्वाइंट पर यह गणना की जाएगी। पिछले साल की गणना में शाहाबाद और शेरगढ़ में लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया था। शाहाबाद में भालू और लोमड़ी भी दिखाई दी थी। जिले में कृष्ण मृग, हिरण और चिंकारा भी बड़ी संख्या में मिले थे। वन विभाग के अनुसार बारिश के दौरान गणना करना मुश्किल होता है। वन्यजीवों के पगमार्क स्पष्ट नहीं दिखते और नदी-नालों में पानी होने से वन्यजीव वाटर होल पर नहीं आते हैं। गणना 11 जून सुबह 8 बजे से शुरू होकर 12 जून सुबह 8 बजे तक चलेगी। सोरसन, अमलसरा, शेरगढ़, शाहाबाद,



रामगढ़, किशनगंज और नाहरगढ़ में यह गणना होगी। वनकर्मी वाटर होल और प्राकृतिक जल स्रोतों पर 24 घंटे बैठकर वन्यजीवों की निगरानी करेंगे। गणना की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी।विभाग हर साल वैशाख पूर्णिमा पर यह गणना कराता है। पूर्णिमा का चांद वन्यजीवों को देखने में मदद करता है। पिछले चार सालों में यह दूसरा मौका है जब गणना की तारीख आगे बढ़ाई गई है। 2021 में बारिश के बाद भी तिथि बदली गई थी।

# वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर कार्यशाला 28 मई को

बारां, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला 28 मई 2025 को होटल राज पैलेस कोटा रोड बारां में आयोजित होगी। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी शुभम नागर ने बताया कि कार्याशाला में वरिष्ठ नागरिकों से सम्बन्धित विभिन्न विषयों जैसे- योग एवं ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य और निवारक देखभाल, पोषण और स्वास्थ्य रूप में वृद्धावस्था, वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम और प्रक्रिया, सामाजिक जुड़ाव और समय प्रबंधन के लिए रणनीतियां एवं वित्तीय योजना तथा डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान अंतर पीढ़ीगत संवाद सत्र के अन्तर्गत मनोरंजक गतिविधियां एवं खेलों का आयोजन होगा।

# झालावाड़ भूमि विकास बैंक के अधिकारियों पर आदेशों की अवेहलना करने का आरोप

फिरोज खान वारसी

झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। सचिव भूमि विकास बैंक द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना आरटीआई कार्यकर्ता श्रीनाथ नरसल ने मुख्यमंत्री व सहकारिता मंत्री राजस्थान सरकार जयपुर को ज्ञापन भेज कर झालावाड़ सहकारी भूमि विकास बैंक में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 को लागू करने हेतु प्रभावी कार्य करने का अनुरोध किया था। ज्ञापन में उल्लेख किया था कि राजस्थान सरकार ने 19 जनवरी 2006 को राजस्थान राजपत्र भाग 1(ख) में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत लोक प्राधिकारियों की सूचना प्रकाशित की थी उसमें प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक का नाम क्रमांक 203 पर दर्ज है तथा इस नोटिफिकेशन का आधार पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 झालावाड़ सरकारी भूमि विकास बैंक पर भी लागू होता है। लेकिन बैंक के सचिव ने 19 जनवरी 2006 को जारी नोटिफिकेशन व सहकारी विभाग जयपुर द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों का उल्लंघन कर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचनाएं उपलब्ध नहीं करा कर कानून की धज्जियां उड़ायी हैं। ज्ञापन में नरसल ने यह भी अनुरोध किया है की बैंक के सचिव द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू होने के बावजूद सूचना उपलब्ध कराने से इनकार करना कानून व संविधान के अनुरूप नहीं है। बैंक द्वारा कानून के अंतर्गत मांगी गई सूचना उपलब्ध करना अनुच्छेद 19 (एक) (ए) के तहत नागरिकों का मौलिक अधिकार है। नरसल ने ज्ञापन के अंत में लिखा है कि भूमि विकास बैंक में वित्तीय अनिमितताएं बाहर लाने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को प्रभावी ढंग से लागू करने व आदेश की पालना की समीक्षा करना अत्यन्त आवश्यक है। ज्ञापन की प्रति नरसल ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार व प्रमुख शासन सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग (सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ) राजस्थान सरकार जयपुर को भी दी थी। शासन उप सचिव प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग जयपुर के उप प्रमुख शासन सचिव ने प्रमुख शासन सहकारिता जयपुर को 7 मई 2025 को ज्ञापन पर कार्रवाई करने हेतु लिखा था। ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए उप शासन सहकारिता राजस्थान जयपुर ने 16 मई 2025 को अतिरिक्त रजिस्ट्रार( प्रथम) सहकारी समितियां राजस्थान जयपुर को ज्ञापन पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि उक्त अधिसूचना में क्रमांक 201 पर केन्द्रिय सहकारी बैंक लिमिटेड व क्रमांक 202 पर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार के भी नाम दर्ज है, लेकिन यहां के अधिकारी भी सूचना नहीं दे रहे हैं जो एक गंभीर मामला है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन 29 मई से

बारां, (रॉयल पत्रिका)। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) धनराज मीणा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार खरीफ पूर्व अभियान के तहत "विकसित कृषि संकल्प अभियान" कार्यक्रम का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 के मध्य सम्पूर्ण राज्य में किया जाएगा। कृषि विभाग, उद्यान विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र अंता के समन्वय से जिले में प्रतिदिन 6 गांवों में "विकसित कृषि संकल्प अभियान" शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ 200 कृषक प्रति शिविर भाग लिए जाने का प्रावधान है। शिविर में किसान हितैषी विभिन्न सरकारी एवं विभागीय योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक व खाद का उपयोग, कृषि में नवाचारों, खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीक आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# ग्राम पंचायत सनवाड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने की जनसुनवाई

## - 51 से अधिक परिवादों का हुआ समाधान



बारां, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप रात्रि चौपाल के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंवाद और जनसुनवाई की जा रही है। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने शुक्रवार रात को बारां जिले की सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत सनवाड़ा (ब्लॉक शाहाबाद) में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। जिला कलक्टर ने शुक्रवार रात को जिला मुख्यालय से 130 किलोमीटर दूर स्थित अंतिम ग्राम पंचायत सनवाड़ा में रात्रि चौपाल की और वहीं रात्रि विश्राम भी किया। शनिवार प्रातः उन्होंने पुनः क्षेत्र में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को ज़मीनी स्तर पर विकास कार्यों का जायजा लेकर निर्देश दिए। इस रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को बेझिझक जिला कलक्टर के समक्ष रखा। कुल 51 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से पेयजल संकट, विद्युत आपूर्ति में अनियमितता, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भूमिहीनों को पट्टे आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक मुद्दे प्रमुख रहे। जिला कलक्टर ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना की।

**विशेष योग्यजनों को मिला सम्मान और प्रमाण**

रात्रि चौपाल में एक विशेष पहल के तहत गांव मद्दी सामर सिंह निवासी रजनी और गांव पाटन निवासी राहुल को मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त हो सकेगा।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी, एडीएम जबर सिंह, सीईओ जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी, एसडीएम मुकेश मीणा, डीएफओ अनिल यादव, सीएमएचओ डॉ. संजीव सक्सेना, पीएचईडी के एसई राजवीर सिंह, बिजली विभाग के एसई एन एम बिलौटिया, सहायक निदेशक सतीश परिहार, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गेंदा लाल, संयुक्त निदेशक हरिवल्लभ मीणा एवं सहायक निदेशक दुर्गा शंकर मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**रात्रि चौपाल से पहले और बाद में निरीक्षण कर जायजा लिया**

रात्रि चौपाल से पूर्व जिला कलक्टर ने सीताबाड़ी मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली और मेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# दौर-ए-हाज़िर की सबसे बड़ी बुराई है नशा - करामत अली खान





चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय से करामत अली ख़ान उर्दू अदीब ने बताया इंसान एक ऐसे माहौल में रहना पसंद करता है, जहाँ उसको खुद की सेहत और सफाई के साथ-साथ सेहतमंद समाज की भी ख्वाहिश और उम्मीद होती है। हर शख्स ऐसा माहौल चाहता है जहाँ उसे और उसके खानदान के अफराद को खुशगवार फिजा, साफ-सुथरा माहौल और बुराइयों से दूर रहने वाले अच्छे लोगों का साथ मिले। हर शख्स की चाहत होती है कि उसे व उसके घर वाले हर तरह की बुराई से दूर रहते हुए पुर सुकून ज़िन्दगी गुज़ारे। लेकिन बड़े दर्द की बात है कि मौजूदा वक़्त में हमारे मुआशरे में कई बुराइयाँ रोज-ब-रोज बढ़ती जा रही हैं। जिनमें से एक बुराई है "नशा"। नशा एक ऐसी लानत और बुराई है जिसको मजहब-ए-इस्लाम के अलावा दीगर मजाहिब में भी मम्नअ् करार दिया गया है और निहायत बुरा माना गया है। मौजूदा दौर में नौजवानों में नशे की बुराई बहुत बढ़ रही है। गौर किया जाए तो मालूम होगा कि कम उम्र के लड़के भी नशे की आदत में मुब्तला हैं। नौजवानों में अमूमन नशे की शुरुआत गुटखा, तम्बाकू और सिगरेट के इस्तेमाल करने से होती है । अगर कहा जाए कि गुटखा, तम्बाकू और सिगरेट भी एक हल्के दर्जे का नशा है, तो यह कहना गलत न होगा। इसके बाद वे बियर, शराब, अफीम, गांजा, चरस, कोकीन और हेरोइन जैसी जिंदगी को बर्बाद कर देने वाली नशीली चीज़ों का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। आजकल कई नौजवानों का यह ख़याल है कि नशा एक फैशन है, एक चलन है। इसी लिए वे नशा करने को बुरा महसूस नहीं करते। कुछ नौजवान अपनी ज़ेहनी तनाव और डिप्रेशन को कम करने के लिए नशा करते हैं। जबकि हकीकत यह है कि नशे से ज़ेहनी तनाव और डिप्रेशन में कमी नहीं बल्कि इज़ाफ़ा होता है। इसलिए कि जो चीज़ जिस्मानी एतबार से नुकसानदेह हो, उस चीज़ से कभी भी ज़ेहनी तनाव दूर नहीं हो सकता। जिस दिन से इंसान नशा करना शुरू कर देता है, उसी दिन से उसके बदहाली, बदबख्ती, बदकिस्मती और बर्बादी के अयाम शुरू हो जाते हैं। नशा एक ऐसी मकरूह बुराई है, कि जो भी इंसान इसका शिकार हो जाता है, फिर उसमें नेकी और बुराई की तमीज़ बाक़ी नहीं रहती। नशा करने वाले शख्स की सोचने-समझने की सलाहियत मफ़्लूज होकर रह जाती है। फिर उसको अच्छाई-बुराई , इज़्ज़त-ज़िल्लत, छोटे-बड़े, अपने-पराए, सही-गलत, फायदे-नुकसान, कम-ज़ियादा, भला-बुरा हत्ता कि उसे सुबह-शाम और दिन-रात का भी एहसास तक नहीं रहता। नशा करने वाला इंसान नशे को ही कुल कायनात मानता और समझता है। उसके नज़दीक नशे के अलावा दीगर दूसरी चीज़ों की कोई अहमियत नहीं होती। नशा इंसान की पूरी जिंदगी को बर्बाद कर देता है। यह भी देखा गया है कि नशा करने वाला शख्स अपने परिवार व समाज के लिए एक बोझ बन जाता है। नशा करने वाला शख्स अपनी ज़िन्दगी और अपने घर वालों की ज़िन्दगी को तबाही की तरफ ले जाने वाला होता है। नशा करने वाला शख्स माँ-बाप की शान में गुस्ताखी, बदतमीज़ी और अपनी बीवी अपने बच्चों पर सितम करने वाला होता है। कभी-कभी तो नशा करने वाला शख्स अपने माँ-बाप अपनी बीवी अपने बच्चों का कातिल भी बन जाता है। नशा करने वाले इंसान की लोग कद्र नहीं करते और उसको हकीर समझते हैं। समाज और मुआशरे में उसकी कोई इज़्ज़त नहीं रहती। हर रोज़ सड़क हादसे, घरेलू झगड़े, परिवार और खानदान में लड़ाइयां अक्सर नशे की वजह से होती हैं। इस्मतदरी, बदकारी, ज़ियादती, खूँ-रेज़ी, डाकाज़नी जैसी संगीन वरदातें ज्यादातर नशे की हालत में अंजाम दी जाती हैं। इसी तरह गाली-गलोच और बेहूदा बातें भी हालत-ए-नशे में की जाती हैं। इन बुराइयों और वारदातों के साथ-साथ नशे से जिस्म में जानलेवा बीमारियां भी पैदा हो जाती हैं, जिनका इलाज होना मुश्किल हो जाता है। गर्ज़ नशा इंसान को बर्बाद करने वाली चीज़ों में से एक बड़ी चीज़ है। अब ज़रूरत इस बात की है कि हम सभी मिलकर नौजवानों को नशे के खिलाफ बेदार करें और अपनी समाजी और अख़्लाक़ी ज़िम्मेदारी को अदा करें। हमारी निगाह में अगर कोई नशे की लत में मुलव्विस है तो उसे मुश्फिकाना अंदाज में निहायत बसीरत और संजीदगी के साथ समझाएं और उसको नशे से होने वाले नुकसानात बताएं।

# राज्य सरकार द्वारा बच्चों के 17 हृदय रोग चिकित्सा सुविधाओं का फ्री लाभ आम जन तक पहुंचे - हरलाल सहारण

चुरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर विधायक हरलाल सहारण डॉ. अहसान गोरी के अथक प्रयासों से 17 हृदय रोग से सम्बन्धित बच्चों का निशुल्क इलाज अहमदाबाद के हॉस्पिटल में होगा! आज बच्चों को राज्य सरकार के निशुल्क खर्च से जयपुर जांच के लिए भेजा गया उनकी जांच आने के बाद राज्य सरकार अहमदाबाद भरतीया हॉस्पिटल के स्टाफ टिम के साथ जाएगी। डॉ. अहसान गोरी सरकारी सर्विस में अपना दायित्व बखूबी निभा रहे है, लग्न ईच्छा शक्ति से सरकारी चिकित्सा सुविधा का आम जन को लाभ दिला रहे है। चुरू चिकित्सा विभाग भरतीया हॉस्पिटल कि टीम व विधायक हरलाल सहारण ने पीड़ित बच्चों व उनके परिजनों को ईलाज के लिए उत्म स्वास्थ कि शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। विधायक पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के नक्शे कदम पर सेवा भाव के पथ पर चलकर आम जन कि सेवा में चुरू कि



जनता के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

# 12 वर्ष में 2 बार स्वीकृत हुई 100 मीटर लंबी सड़क आज तक नहीं बनी!

## -चूरू में सड़कों का जाल बिछाए जाने की बात खोखली साबित हुई

## -जन प्रतिनिधि और प्रशासन कर रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं के साथ खिलवाड़

मोहम्मद अली पठान

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद क्षेत्र चूरू में सड़कों का जाल बिछाए जाने की बात खोखली साबित हो रही है। यहां वार्ड नंबर 4 बालाजी कॉलोनी में पूर्व पार्षद ओम प्रकाश मेघवाल के घर से गजल भाटी के घर तक सड़क और नाली का निर्माण नहीं होने से नागरिकों को बहुत परेशानी हो रही है। बारिश के समय यहां भारी मात्रा में पानी एकत्रित हो जाता है और गहरे गड्ढे हो जाते हैं। सबसे दुखद बात तो यह है कि 12 वर्ष में 2 बार स्वीकृत हुई यह 100 मीटर लंबी सड़क और नाली आज तक नहीं बनी है। इससे यहां के जन प्रतिनिधियों और प्रशासन के दावों की पोल खुलकर सामने आ रही है। यहां सड़क और नाली का निर्माण नहीं होने से दुखी नागरिक चूरू नगरपरिषद आयुक्त, कलेक्टर, विधायक आदि को दर्जनों बार ज्ञापन सौंपकर सड़क और नाली का निर्माण करवाने की मांग कर चुके हैं। परन्तु आज तक सड़क व नाली बनना तो दूर किसी के भी कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है। यहां नागरिकों ने कहा कि बालाजी कॉलोनी की इस गली के लोगों के साथ सरासर भेदभाव किया जा रहा है। चुनाव के समय नेता लोग झोली फैलाकर वोट मांगने तो आ जाते हैं, लेकिन यहां सड़क और नाली बनवाने का कोई नाम ही नहीं ले रहा है। कुल



मिलाकर यहां जन प्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। कोई सत्ता के नशे में चूर है तो कोई उच्च सरकारी पद पाकर खुद को राजा रानी समझ रहे हैं। इन्हें कोई कहने सुनने वाला नहीं है, आमजन की ये कोई सुनवाई करते नहीं हैं। आमजन की परेशानी से इन्हें कोई लेना देना नहीं है। यदि इनको जरा सी भी फिक्र होती तो आज तक इस सड़क का निर्माण हो गया होता।

# पूर्व मुख्यमंत्री के हाथों नशा मुक्ति पोस्टर का विमोचन

जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। संस्थापक साजिद खान ने बताया कि नवीन जोधाणा जागरुक मंच संस्था के द्वारा चलाई जा रही नशे के खिलाफ मुहिम के तहत पोस्टर का विमोचन शनिवार को सर्किट हाउस परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथों से करवाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधाणा जागरुक मंच संस्थान द्वारा चलाई जा रही नशा मुक्ति मूहिम की सराहना की। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इससे युवाओं में नशे की कुरीतियों के प्रति जागरूकता आएगी और परिवारजन अपने परिवार की सुरक्षा के लिए जागरूक होगें।




पार्षद अरविंद गहलोत के नेतृत्व में जोधाणा मंच के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। इस मौके पर समाजसेवी एवं कांग्रेस उत्तर जिला अध्यक्ष सलीम खान, पूर्व विधायिका मनीषा पंवार, पार्षद अरविंद गहलोत, पार्षद असलम खान, नसीम अली, मोहम्मद इरफान कुरैशी, मोहम्मद आसिफ नूरी, सनवर कुरैशी, मोहम्मद सलीम मुन्ना आदि उपस्थित रहे।

# हिन्दुस्तान जिंक के स्वर्गीय बी. चौधरी को भावभीनी श्रद्धांजलि



उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। "स्व. बी. चौधरी ने अपना सम्पूर्ण जीवन श्रमिकों के हितों के लिए समर्पित कर दिया और उन्होंने हिन्दस्तान ज़िंक लिमिटेड ही नहीं वरन् सम्पूर्ण राजस्थान एवं इस क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों के विकास में अग्रणी रहे और उन्होंने श्रमिक हितों के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया एवं प्रतिभागी प्रबन्धन की एक अनूठी मिसाल कायम की है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है और आज भी स्व. बी. चौधरी के मार्गदर्शन, श्रमदर्शन, औद्योगिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। स्व. बी. चौधरी ने मजदूर हितों की रक्षा के अलावा क्षेत्र में सामाजिक कार्य भी किये जिसमें अस्पताल एवं बधिर विद्यालय आदि के उत्थान में तन, मन, एवं धन से सहयोग प्रदान किया। स्व. बी. चौधरी द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की गई तथा उपरोक्त परम्परा को जारी रखने का सर्वसम्मति से आह्वान किया"- यह विचार हिन्दस्तान ज़िंक केन्द्रीय कार्यालय श्रमिक संघ के महामंत्री एम.के. लोढ़ा ने स्व. बी.चौधरी की 30वीं पुण्य तिथि पर आयोजित पुष्पाजंलि कार्यक्रम में व्यक्त किए।

हिन्दस्तान जिंक केन्द्रीय कार्यालय श्रमिक संघ के यशद भवन स्थित संघ कार्यालय में स्व. बी.चौधरी की 30वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। पुष्पाजंलि कार्यक्रम में हिन्दस्तान जिंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर-किशोर कुमार एस, मुख्य वित्तीय अधिकारी- संदीप मोदी, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी- मुनीष वासुदेवा ने श्रमिक नेता स्व. बी. चैधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर हिन्दस्तान जिंक केन्द्रीय कार्यालय श्रमिक संघ के पदाधिकारी महामंत्री- एम.के. लोढ़ा, उपाध्यक्ष-पंकज कुमार शर्मा, संगठन सचिव-नारायणलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष-नरेन्द्र भादविया, चन्द्रप्रकाश गन्धर्व, हर्षवर्धन औदिच्य, सुनील अमलाजिया, चेनराम डांगी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी एम.के. दीक्षित, हिम्मत लाल नागदा, प्यारे लाल सालवी एवं प्रधान कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने स्व. बी चैधरी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये ।

# कैंसर की बीमारी को मात देकर छात्र ने किया कमाल

पाली (रॉयल पत्रिका)। पाली ज़िले के खेरवा गांव के निवासी इमरान खान ने राजस्थान बोर्ड की बारहवीं (कला) की परीक्षा में 91.60 प्रतिशत अंक लाकर सबको चौंका दिया। इमरान ने कैंसर से जूझते हुए न सिर्फ पढ़ाई की, बल्कि शानदार प्रदर्शन कर 91.60 प्रतिशत अंक हासिल किए। इमरान के पिता का नाम मोहम्मद शरीफ कुरैशी है।

इमरान को कैंसर होने के कारण लगातार कीमोथेरेपी से गुजरना पड़ा। इस मुश्किल दौर में उन्होंने न केवल कई शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना किया, बल्कि एक से डेढ़



साल तक स्कूल से भी दूर रहना पड़ा।] लेकिन इमरान ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया और साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत और हौसला हो तो कोई भी बाधा सफलता की राह में रुकावट नहीं बन सकती।

# 500 किलो से अधिक सड़े-गले आम व केले को करवाया नष्ट

## -सावधान! 100 के 04 किलोग्राम आम आपके लिए बन सकते हैं जानलेवा

पाली, (रॉयल पत्रिका)। ग्रीष्मकालीन विशेष अभियान के तहत "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" की कार्यवाही करते हुए पाली जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण एच. गुईटे के दिशा-निर्देश पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 500 किलो से अधिक सड़े-गले आम व केले को नष्ट करवाया। इस विशेष अभियान के तहत खाद्य कारोबारकर्ताओं को कच्चे फलों को पकाने में प्रयुक्त होने वाले जहरीले रसायन का छिड़काव नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ ही फल एवं सब्जी मंडी के होलसेल व्यापारियों को सड़े-गले फलों व सब्जियों को नहीं विक्रय करने के लिए पाबंद किया गया।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के निर्देशानुसार हीटवेव जैसी तेज गर्मी में पेय पदार्थों, जूस व फलों में रसायन का प्रयोग करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं पर विशेष कानूनी कार्यवाही करने को कहा गया। इस अभियान के तहत श्याम एग्रो फूड्स अम्बे नगर स्थित कोल्ड स्टोरेज सेंटर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीपसिंह यादव व सुरेश चन्द्र शर्मा, मय टीम ऑपरेटर ओम प्रकाश प्रजापत ने निरीक्षण किया तथा पाया कि कोल्ड स्टोरेज सेंटर में केले को पकाने में प्रयुक्त रसायन एफएसएसएआई द्वारा अधिकृत था।



**सावधान! 100 के 04 किलोग्राम आम आपके लिए बन सकते हैं जानलेवा**

सुनने के बाद आप हैरत में रह जाएंगे लेकिन यह सच है। ऐसा ही मामला जब सामने आया तब खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अचानक फल एवं सब्जी मंडी में दबिश देकर एक होलसेल व्यापारी के यहां छापा मारा गया।

जो आम बाजार में 100 से 150 रुपये प्रति किलोग्राम बिकते हैं, वहीं आम फल कैरेट में सड़े-गले मिले। अधिकारियों के पूछने पर खाद्य कारोबारकर्ता ने सौ के 04 किलो देने की बात कह दी। इन सड़े व बदबूदार आमों में कीड़े पड़े मिले। जिस पर कार्यवाही करते हुए 500 से अधिक किलो आम को नष्ट करवाया गया।

**इन रसायनों का उपयोग बन सकता है जानलेवा**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि कैल्सियम कार्बाइड व एसीटिलीन जैसे रसायनों का उपयोग फलों को पकाने में करने पर यह आमजन के स्वास्थ्य के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

इस विशेष अभियान के तहत जिले भर में सभी जूस सेंटर्स, कोल्ड स्टोरेज सेंटर व फल एवं सब्जी विक्रेताओं के यहां पर कार्यवाही कर अभियान को सफल बनाया जाएगा। अभियान के दो दिनों में ही शहर के विभिन्न जगहों से फलों की रसायन जांच के लिए 16 सैंपल लिए गए जिन्हें जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया।

# पाली में जार की जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक संपन्न

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) पाली की सूरजपोल स्थित कार्यालय स्वर्ण प्लाजा में जार प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी के निर्देशन में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ओम चतुर्वेदी के सानिध्य में पाली जिला की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष रविन्द्र सोनी की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें पाली जिला कार्यकारणी के पदाधिकरी एवं सदस्य उपस्थित हुए। बैठक मे वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ओम चतुर्वेदी ने कहा की पत्रकारो के हितो मे सरकार को सुरक्षा कानून लागु करवाने के लिए सरकार को अवगत किया जायेगा। जिला अध्यक्ष रविन्द्र सोनी ने बताया की यह प्रथम बैठक में सभी सदस्यों से जार के विस्तार और आगामी दिनों में पाली जार के कार्यक्रमों को करने बारे में चर्चा करने की गई हैं। सोनी ने कहा कि आगामी दिनों में पाली जिले के सभी तहसीलों के पत्रकार साथियों को साथ लेकर पाली जिले की हर तहसील स्तर पर जार का विस्तार किया जायेगा और पत्रकारों के हितों में काम किया जायेगा। बैठक में जिला महासचिव लक्ष्मण पारंगी ने बताया कि विस्तार के बाद सभी सदस्यों की जिला स्तर की बैठक रखी जायेगी जिसमें आगामी 6 माह के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जायेगी। जिला सचिव मुकेश राजा ने कहा पाली जार संगठन पत्रकारों



के लिए तो कार्य करेगा, साथ ही कई सामाजिक कार्य में भी अपनी अहम भूमिका निभाएगा। इस मोके पर कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, कार्यकारणी सदस्य मुकेश सोनी, दिनेश शर्मा, गोपाल भाटी, धर्मेंद्र वैष्णव, मोहम्मद यासीन, मुकेश सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे।

# गर्मी में ठंडा जल व शर्बत पिलाकर राहगीरों की सेवा की



चुरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर झारिया की मोरी भाई जी चौक पर नौजवान कमेटी मोहल्ला चेजारान वार्ड संख्या 56 में गर्मी को देखते हुए ठंडा पेय जल की व्यवस्था की गई। आते-जाते राहगीरों को ठंडा जल व शर्बत पिलाकर नौजवान कमेटी ने अपनी सेवाएं दी। समाजसेवी महम्मुद अली राणा ने बताया कि मानव सेवा ही सच्चा धर्म है। गर्मी को देखते हुए आज यहां पर शर्बत पिलाकर मान्यवता का धर्म निभा रहे हैं। ठंडा पेय जल स्टॉल पर शाहीद लाला, इलियास राणा, असलम सिक्का, अल्ताफ, समीर सिसोदिया, साहिल सिसोदिया, मुबारक राणा, आसिफ राणा, इम्तियाज, मारूफ, साजिद सोलंकी, इरफान, शाहिद, जावेद, असलम लगा, तोफिक चेजारा, फैसल सोलंकी, समश आदि उपस्थित रहे और अपनी सेवाएं दी।

# बाघदड़ा नेचर पार्क में हिन्दुस्तान जिंक ने किया 5 करोड़ का सहयोग

उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। वर्ल्ड बायोडायवर्सिटी डे पर, भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने बाघदड़ा नेचर पार्क में मगरमच्छ संरक्षण रिजर्व को विकसित करने और बढ़ाने के लिए वन विभाग, उदयपुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत 5 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिसमें पशु रिजर्व के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस सहयोग का उद्देश्य मगरमच्छ के लिए प्राकृतिक आवास की स्थिति को बढ़ाना, जल संरक्षण उपायों को लागू करना और स्थायी इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विजिटर की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार करना है।

यह पहल वनरोपण, चेक डैम और तालाबों जैसे जल संरक्षण बुनियादी ढांचे और पैदल चलने के रास्तों, आश्रयों और शैक्षिक प्रदर्शनियों सहित पर्यावरण के प्रति संवेदनशील आने वाले क्षेत्रों के विकास के माध्यम से मगरमच्छों के लिए प्राकृतिक आवास को बहाल करने पर केंद्रित है।

एमओयू के तहत, हिन्दस्तान जिंक नेचर पार्क में पहुंच को बढ़ाने के लिए पैदल चलने के रास्ते, आगंतुकों की सुविधाओं और पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं सहित प्रमुख बुनियादी ढांचे के विकास को वित्तपोषित और देखरेख करेगा। रिजर्व के पारिस्थितिक मूल्य और पहुँच दोनों में सुधार से परियोजना का उद्देश्य एक ऐसा स्थान बनाना है जहाँ संरक्षण और पर्यटन दोनो बढ़ेगा, जिससे वन्यजीव और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को लाभ हो।

वेदांता लिमिटेड की नॉन एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर एवं हिन्दस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, बायो डायवर्सिटी हमारे ग्रह का दिल है। छोटी से छोटी तितली से लेकर बड़े बाघ तक, हर जीव इसकी धड़कन में अहम भूमिका निभाता है।

पशु कल्याण और जैव विविधता संरक्षण केवल अतिरिक्त सोच ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी से इनका विकास भी हमारी प्रमुखता है। टीएसीओ और हमारी संरक्षण योजनाओं के जरिए हम पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं

और ऐसा भविष्य बना रहे हैं जहाँ पशु और समुदाय साथ-साथ तरक्की करें। मशहूर अभयारण्यों के साथ हमारी साझेदारी प्रकृति के नाजुक संतुलन को बनाए रखने की हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है।

उप वन संरक्षक उदयपुर, सुनील कुमार सिंह ने कहा कि, इस तरह की सार्वजनिक-निजी भागीदारी प्राकृतिक आवासों के कायाकल्प में महत्वपूर्ण है। हिन्दस्तान जिंक के सहयोग से हमें विश्वास है कि बाघदड़ा रिजर्व एक जीवंत पारिस्थितिक क्षेत्र और वन्य जीव संरक्षण के लिए एक ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित होगा।

# भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है: पीएम मोदी



दाहोद, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित घटकों का आयात करते हैं। यह जानकारी पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में एक कार्यक्रम में संबोधन की दौरान साझा की।

**'मेड इन इंडिया' इंजनों का कई देशों में हो रहा निर्यात**

पीएम मोदी ने आगे बताया कि मोजाम्बिक और श्रीलंका में भारतीय यात्री डिब्बों का इस्तेमाल किया जा रहा है और 'मेड इन इंडिया' इंजनों का कई देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है।

पीएम ने कहा- एक मजबूत रेलवे नेटवर्क सुविधा बढ़ाता है

प्रधानमंत्री ने कहा, "एक मजबूत रेलवे नेटवर्क सुविधा बढ़ाता है और उद्योगों और कृषि को बढ़ावा देता है।" साथ ही उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के कई क्षेत्रों को पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई इलाकों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। बताना चाहेंगे इसी क्रम में सोमवार को पीएम मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित एक कार्यक्रम में रिमोट के जरिए रेलवे विभाग समेत जलापूर्ति विभाग, सड़क एवं भवन विभाग, शहरी विकास एवं शहरी गृह निर्माण विभाग के 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने दाहोद में 9000 एचपी का प्रथम लोकोमोटिव इंजन देश को समर्पित किया। उन्होंने 21405 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित लोको मैन्युफैक्चरिंग शॉप-रोलिंग स्टॉक वर्कशोप का लोकार्पण करने के साथ आणंद-गोधरा, मेहसाणा-पालनपुर, राजकोट-हडमतिया रेलवे लाइन के डबलिंग कार्य, साबरमती-दाहोद 107 किलोमीटर रेलवे लाइन इलेक्ट्रिफिकेशन तथा कलोल-कडी-कटोसण रेलवे लाइन गेज परिवर्तन के 2,287 करोड़ रुपये के कार्यों सहित रेलवे के कुल 23,692 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने साबरमती-वेरावल वंदे भारत ट्रेन और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का करेगी निर्माण**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कारखाने युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का निर्माण करेगी, जिससे भारत की ट्रेनों की शक्ति और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम होगा।

**स्थानीय युवाओं को मिलेगा पर्याप्त रोजगार**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को पर्याप्त रोजगार मिलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि कारखाने से परे भी रोजगार के अवसर हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ होगा और व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## - सुरक्षा मानकों के साथ तय समय में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के पृथ्वीराज रोड़ स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। शर्मा ने अधिकारियों को कार्यों में और अधिक गति लाते हुए तय समय-सीमा में इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पुनर्निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। लोअर बेसमेंट में अंडर ग्राउंड वाटर टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सिविल कार्य पूर्ण होने के साथ ही हाउस के ऊपरी भाग के स्ट्रक्चर निर्माण का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली स्थित राजस्थान हाउस का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। इस कार्य में राजस्थान की कलात्मक स्थापत्य शैली का खूबसूरत तरीके से समन्वय किया जाएगा। भवन की बाहरी दीवार पर धौलपुर सैण्ड स्टोन का कार्य किया जाएगा। नवीन राजस्थान हाउस में दो बेसमेंट, भूतल और 6 फ्लोर का प्रावधान रखा गया है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग तथा मुख्य भवन में लॉबी, कैफेटेरिया, वेटिंग एरिया, डाईनिंग एरिया, फव्वारा, हैंगिंग झूमर, एट्रियम आदि बनाए जाएंगे। वहीं प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय व जिम तथा छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हॉल, योग कक्ष आदि की सुविधाएं मिलेंगी।

**मुख्यमंत्री ने बटुक भैरव मंदिर में किए दर्शन**

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनपथ लेन स्थित देवस्थान विभाग द्वारा संचालित श्री बटुक भैरव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।




# जयपुर की मनुहार जोशी ने कथक में पाई छात्रवृत्ति

## -राष्ट्रीय मंच पर जयपुर की बेटी



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। जयपुर की मनुहार जोशी ने भारत सरकार की प्रतिष्ठित 'यंग आर्टिस्ट फेलोशिप' योजना के तहत कथक नृत्य में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया है। यह छात्रवृत्ति युवा उभरते कलाकारों को दो वर्षों तक शोध कार्य और उन्नत प्रशिक्षण के लिए प्रदान की जाती है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा घोषित वर्ष 2022–23 की सूची में राजस्थान को जहां पूरे देश के 400 में से मात्र 7 सीटें प्राप्त हुईं, वहीं मनुहार जोशी इस चयन में राज्य की एकमात्र प्रतिनिधि बनकर उभरीं हैं। मनुहार की इस उपलब्धि के पीछे उनका कठोर परिश्रम और उनके गुरुओं का मार्गदर्शन रहा है। जोशी परिवार ने सुर-ताल कला केंद्र, भावना अग्रवाल जी, लेखा निगम, उस्ताद निसार हुसैन, डॉ. समीक्षा शर्मा और कथक केंद्र नई दिल्ली के समस्त गुरुजनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। यह उपलब्धि न केवल जयपुर, बल्कि पूरे राजस्थान के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और लगन से कोई भी युवा कलाकार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।

# रूमाना ख़ान ने गोल्ड मेडल हासिल किया

## - बीएससी (होम साइंस) में राजस्थान विश्वविद्यालय में किया टॉप



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में जयपुर की रूमाना ख़ान ने बीएससी (होम साइंस) में टॉप कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। रूमाना की इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे समाज के लिए एक मिसाल पेश की है। रूमाना जयपुर के मशहूर जौहरी ज़हीरउल्लाह ख़ान की बेटी हैं, जो 'हिमायत जेम्स' के नाम से जाने जाते हैं। खास बात ये है कि रूमाना की बड़ी बहन, सबा ज़हीर ख़ान भी पहले राजस्थान यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इस तरह, एक ही परिवार की दो बेटियों ने विश्वविद्यालय में टॉप कर इतिहास रच दिया है। रूमाना ने बताया कि उनकी इस कामयाबी के पीछे परिवार का पूरा सहयोग और खुद की मेहनत का बड़ा हाथ है। उन्होंने कहा कि अगर लड़कियों को हौसला और सही माहौल मिले, तो वे हर मुकाम हासिल कर सकती हैं। रूमाना की यह उपलब्धि उन तमाम छात्राओं के लिए प्रेरणा है, जो पढ़ाई और करियर में आगे बढ़ना चाहती हैं। समाज में बेटियों को आगे बढ़ाने की दिशा में यह एक सकारात्मक उदाहरण है।

# रीको ई-नीलामी द्वारा भूखण्डों का आवंटन करेगा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। रीको इकाई कार्यालय जयपुर (उत्तर), जयपुर (दक्षिण), जयपुर (ग्रामीण) व ईपीआईपी सीतापुरा के अधीन विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में वाणिज्यिक, होटल, नर्सिंग होम व आवासीय भूखण्डों का ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन किया जा रहा है। जयपुर जिले के 12 औद्योगिक क्षेत्रो में 11 आवासीय भूखण्ड एवं 27 गैर औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु उपलब्ध है। आवेदकों को भूखण्डों की कुल देय प्रिमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाईन माध्यम से रीको के बैंक खाते में जमा करानी होगी। धरोहर राशि जमा कराने की प्रारम्भ तिथि 26 मई एवं अंतिम तिथि 9 जून है। भूखण्डों पर ऑनलाईन बिडिंग 10 जून से 12 जून के मध्य होगी। आवेदक रीको की वेबसाईट www.riico.co.in एवं www.riico.rajasthan.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# 'कायमखानी इतिहास एवम् शौर्य' किताब सप्रेम भेंट की गई

## -यह किताब "कायमखानी इतिहास एवम् शौर्य" लेखक कैप्टन लियाकत अली खान द्वारा लिखी गई है



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। कायमखानी इतिहास एवं शौर्य नामक यह किताब, सेना से सेवानिवृत कैप्टन लियाकत अली खान ने लिखी है। जिसकी एक कॉपी रॉयल पत्रिका के चीफ एडिटर मुन्ना खान को भेंट की गई। इस अवसर पर समाजसेवी एवं शिक्षाविद हाजी मुजफ्फर अली खान भी मौजूद थे। इस किताब की खासियत है कि इसमें शामिल सामग्री को सैंकड़ो इतिहास की किताबों, विशेषज्ञों एवं इतिहासकारों से सलाह मशवरा करके शामिल किया है। राजस्थान प्रदेश के साहसी एवं बहादुरी के कारनामों को अपनी गाथाओं में समेटे कायमखानी समाज की इसमें विस्तृत जानकारी है। भारतीय सेनाओं, स्वतंत्रता संग्राम एवं देश के दुश्मनों से युद्धों में कायमखानी समाज के सैनिकों, सैनिक अधिकारियों ने युद्ध कौशल और कुर्बानियां देकर सबसे ज्यादा छोटे से बड़े सेना पदक जीते हैं। कायमखानी इतिहास एवं शौर्य पर लिखी इस किताब को प्राप्त करने के लिए संबधित से मोबाईल नंबर 9829558142 पर संपर्क किया जा सकता हैं।










मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।

संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com